# जिले भर में मनाई गई बाबा साहेब की जयंती, निकाली शोभायात्रा

## शहर के आंबेडकर पार्क में हुए कार्यक्रम, गांवों में भी निकाली गईं शोभायात्रा, जगह-जगह हुई सभा, सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए आयोजित

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की 133वीं जयंती जिलेभर में धूमधाम से मनाई गई। शहर से देहात क्षेत्र में शोभायात्राएं निकाली गईं। साथ ही कार्यक्रम आयोजित किए गए। जयंती के अवसर पर राजनीतिक दलों के नेताओं ने अंबेडकर पार्क पहुंचकर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इधर कलेक्ट्रेट में डीएम मनोज कुमार सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने बाबा साहेब के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा अपने विचार प्रकट किए।

रविवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर जन्मोत्सव समारोह समिति के तत्वाधान में संविधान निर्माता बोधिसत्व बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर का 133 वां जन्मोत्सव समारोह बड़ी धूमधाम से जनपद में मनाया गया। बुद्ध के चित्र पर पुष्प अर्पित कर पूज्य भंते द्वारा बुद्ध वंदना प्रारंभ की गई। बुद्ध वंदना के बाद बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। जो अनवरत दोपहर तक चलता रहा। सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष और बच्चों व गणमान्य लोगों द्वारा बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद समिति की ओर से शहर में बैंड बाजों और सुसज्जित झांकियों के साथ शोभायात्रा निकली गई। शोभायात्रा पर जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। शोभायात्रा में शामिल झांकियां और बच्चों के स्कूली बैंड आकर्षण का केंद्र रहे। जगह-जगह पर लोगों ने शोभायात्रा में शामिल लोगों के लिए ठंडा पानी, शरबत, बूंदी के लड्डू, खिचड़ी भोज, खीर पूड़ी, कोल्ड ड्रिंक आदि की व्यवस्था की। शहर के प्रमुख मार्गों पर घूमने के बाद शोभायात्रा का गांधी ग्राउंड पर समापन हुआ। जहां सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि मेवाराम चौधरी सेवानिवृत्ति संयुक्त महानिदेशक भारत सरकार नई दिल्ली मौजूद रहे। मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता आरके गौतम ने बाबा साहेब की नीतियों पर अपने विचार प्रकट किए। कार्यक्रम का संचालन समिति के महामंत्री महिपाल टंडन ने किया। इस मौके पर पवन गौतम, प्रेमपाल सिंह एडवोकेट, ब्रह्मानंद बौद्ध, महिपाल टंडन, हरीश दिनकर, अमित भास्कर, नरेश पाल सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

इधर आंबेडकर जयंती के मौके पर भाजपा प्रत्याशी दुर्विजिय सिंह शाक्य और सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने अंबेडकर पार्क पहुंचकर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। वहीं कलेक्ट्रेट में डीएम मनोज कुमार, एडीएम वित्त एवं राजस्व डॉ वैभव शर्मा, एडीएम रेनू सिंह और सिटी मजिस्ट्रेट अरुण कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। साथ ही उनके सिद्धांतों पर अपने विचार प्रकट किए।

**● प्रशासनिक अधिकारियों ने कलेक्ट्रेट में कार्यक्रम आयोजित कर बाबा साहेब को दी श्रद्धांजलि**



शोभायात्रा में शामिल बड़ी संख्या में लोग। ● अमृत विचार



शोभायात्रा में शामिल भगवान बुद्ध की झांकी।



शोभायात्रा में बड़ी संख्या में शामिल महिलाएं। ● अमृत विचार




कलेक्ट्रेट में बाबा साहेब की फोटो पर पुष्प अर्पित करते डीएम मनोज कुमार और एडीएम डॉ. वैभव शर्मा।



शोभायात्रा के साथ चलते पैरामिलिट्री फोर्स के जवान। ● अमृत विचार




शोभायात्रा में शामिल आंबेडकर जन्मोत्सव समारोह समिति के पदाधिकारी।



बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह और सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता।



शोभायात्रा में शामिल बाबा साहेब की जीवंत झांकी।

## एक नजर

### फीरोजपुर गुमराह में मनाई आंबेडकर जयंती

**बिल्सी।** अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ के तत्वावधान में गांव फिरोजपुर गुमराह में आंबेडकर जंयती के अवसर पर शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बुद्ध, डॉ. भीमराव आंबेडकर, महात्मा ज्योतिबा फूले आदि महापुरुषों की झांकियां प्रदर्शित की गई। शेभायात्रा का आरंभ नेमचन्द्र ने फीता काट कर किया। इस मौके पर शिवम, अनिल, रंजीत, संजीव, जितेन्द्र, नानकराम, राकेश, सूरज, कृष्णवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

### निकलीं आकर्षक झांकियां

**उझानी।** रविवार को संविधान के रचयिता डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती पर शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों पर घूमी। शोभायात्रा में शामिल झाकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। इस मौके पर रामलाल गौतम, पुष्पेंद्र उपाध्यक्ष, सियाराम, विरेन्द्र सिंह गौतम, सुनहरी लाल, राजवीर आदि लोग मौजूद रहे।

### अच्छे कर्मों से समाज में मिलता है सम्मान



**बिल्सी।** तहसील क्षेत्र के गांव गुधनी स्थित आर्य समाज मंदिर में रविवार को साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। यज्ञ के उपरांत भगवत गीता के श्लोक का वाचन करते हुए आचार्य संजीव रूप ने कहा मनुष्य कर्म करने को स्वतंत्र है। फल पाने में नहीं। इसलिए उसे सावधान होकर कर्म ऐसे करने चाहिए, जिससे समाज में यश कीर्ति बढ़े, स्वास्थ्य उत्तम हो, धन वैभव भी बढ़े। यह तभी संभव है जब सावधान होकर ज्ञानपूर्वक शुभ कर्म किए जाएंगे। आचार्य ने लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया और कहा राष्ट्र निर्माण का समय आ गया है। आपको केवल एक दिन का तप करना है। सब काम छोड़कर मतदान अवश्य करें। इस मौके पर तृप्ति शास्त्री, तान्या आर्य, भावना आर्य समेत अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### संविधान शिल्पी की जयंती पर किया मिष्ठान वितरण



**रुदायन।** संविधान शिल्पी भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर का 133 वां जन्म दिवस नगर में समरसता दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर जगह–जगह मिष्ठान वितरित किये गए तथा बाबा साहेब के बताए गये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। नगर पंचायत कार्यालय पर हुए कार्यक्रम में चेयरमैन सीमा चौधरी और वरिष्ठ भाजपा नेता मुरली मनोहर गुप्ता ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें श्रद्धा पूर्वक नमन किया। इस मौके पर अनूप सिंह, मिहीलाल, रज्जनलाल सागर, श्रीपाल सागर, किशोरी लाल, रामसिंह, मुनेन्द्र, फरजन्द अली, चौ भीकम सिंह आदि मौजूद रहे। इसके साथ नगर में शोभायात्रा निकाली गई।

### कस्बे में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई आंबेडकर जयंती




ककराला। रविवार को आंवला प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप के चुनाव कार्यालय पर बाबा साहेब की जयंती मनाई गई। विधान सभा प्रभारी संजीव सक्सेना ने डॉ. आंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला। इस मौके पर बीएस मौर्या, आकाश मिश्रा, राकेश शाक्य, दुष्यंत कुमार, देवेन्द्र राजपूत, अनिल कुमार, सेवाराम कश्यप, यदनेश यादव, ओमप्रकाश चट्टन, राजू, राघवेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# लोगों ने बाबा साहेब को किया शत-शत नमन



बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित समिति सदस्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** शहर के मोहल्ला शहबाजपुर में जाटव अनुसूचित कल्याण समिति के तत्वावधान में डॉ. भीमराव आंबेडकर का 133 वां जन्मोत्सव मनाया गया। समिति के सदस्यों ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित करके उन्हें शत-शत नमन किया। इसके बाद शहर में निकली शोभायात्रा में प्रसाद वितरण किया। इस मौके पर नवेद खान, रामबाबू, सागर सिंह, लल्लू सिंह, सोनू सागर, संजीव कुमार, राजेंद्र कुमार, संतोष कुमार, दिनेश कुमार, योगेंद्र सागर, गौतम सागर, रिंकू सागर, वीरू आदि उपस्थित रहे।

### जयंती पर याद किए गए बाबा साहेब

**करियामई।** विकास खंड इस्लामनगर की ग्राम पंचायत करियामई में रविवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। लोगों ने गांव के बुध बाजार स्थित आंबेडकर पार्क पहुंचकर संविधान निर्माता भीमराव आंबेडकर की मूर्ति पर पुष्प वर्षा कर फूलमाला पहनाकर नमन किया। इसके बाद शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में काफी संख्या में बच्चे, महिलाएं और पुरुष उपस्थित रहे। इस मौके पर मोरध्वज सागर, शेरसिंह जाटव, ओम प्रकाश जाटव, दयाशंकर जाटव, भुशंकर जाटव, मुन्ना लाल जाटव सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।

### सिद्ध बाबा इंटर कालेज में मनाई बाबा साहेब की जयंती



बिसौली। क्षेत्र के गांव शहर बरौलिया स्थित सिद्ध बाबा इंटर कॉलेज शरह में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी की जयंती मनाई गई। कालेज के वरिष्ठ शिक्षक शहादत वख्श तथा अन्य शिक्षकों ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। साथ ही उनके सिद्धांतों पर विचार विमर्श किया। इस मौके राजकुमार शर्मा, नीरज चौहान, विपलव भारती, प्रवीण मिश्रा, डॉ प्रमोद आदि मौजूद रहे। वहीं कस्बे में हुए कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने बूथ संख्या 227 पर डॉ . भीमराव आंबेडकर के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस मौके पर अनिल कुमार, अक्कू रस्तोगी, मनोज गुप्ता, राजेश रस्तोगी, आदेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### शोषित वर्ग के लिए जीवनभर संघर्ष करते बाबा साहेब



**उसहैत।** रविवार को उसहैत नगर पंचायत कार्यालय पर बाबा साहेब की जयंती मनाई गई। चेयरमैन नवाब हसन ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किये। इस दौरान चेयरमैन ने कहा कि बाबा साहेब ने देश के लिए संविधान तैयार करने में अहम भूमिका निभाई। डॉ. भीमराव आंबेडकर को देश में एक राजनेता, दलितों के मसीहा और शोषित वर्ग के लिए जीवनभर संघर्ष करने वाली शख्सियत के रूप में याद किया जाता है। इस मौके पर सभासद रामगोपाल कश्यप, मुजीब खान, सुखराम, राजीव भारद्वाज समेत अन्य संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### आंबेडकर जयंती पर कस्बे में निकली शोभायात्रा



**सहसवान।** रविवार को भारत रतन बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। साथ ही कस्बे में शोभायात्रा निकाली गई। वहीं मुख्य कार्यक्रम का आयोजन फतनपुर टप्पा हवेली में मनाया गया। जहां बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। शोभायात्रा कस्बे भर में घूमी। जिसमें पूर्व युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अनुज महेश्वरी, कप्तान सिंह, सुभाष गौड़, अतुल फौजी, मुन्नालाल, दुर्वेश कुमार, चरन सिंह, हरि ओम, मोरपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### दातागंज विधायक ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**दातागंज।** संविधान रचयिता बाबा भीमराव आंबेडकर की जयंती पर कस्बे में शोभायात्रा निकाली गई। कस्बे के मोहल्ला परा स्थित आंबेडकर पार्क में विधायक राजीव कुमार सिंह ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके शोभा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बाबा साहेब की जीवनी से संबंधित झांकियां से सुसज्जित शोभा यात्रा कस्बे के प्रमुख मार्गों पर घूमी। इस मौके पर बुधपाल सिंह, तेजपाल सागर, हेमचंद्र सागर, मोर सिंह, अंशुल सागर आदि मौजूद रहे।

### डॉ. आंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई




**आसफपुर।** रविवार को त्रिवेणी सहाय इंटर कालेज में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर बद जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कालेज के कार्यवाहक प्रधानाचार्य व प्रबंधक अनिल कुमार पाठक ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर शिक्षक मनोज कुमार गंगवार, लिपिक राजीव कुमार कश्यप, शिव कुमार, देवेंद्र सक्सेना व टेक सिंह आदि मौजूद रहे। वहीं गांव नरौरी – नरौरा में ग्राम प्रधान पति सिपट्टर सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य केआर गौतम, ऋषिपाल सिंह, जागन सिंह, चंद्रहास ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

# केक काटकर मनाया बाबा साहेब का जन्मदिवस

**उसावां।** रविवार को नगर के वार्ड एक में डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई। आयोजकों ने केक काटकर एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। चेयरमैन पति अनिल सिंह चौहान ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला। इस मौके पर रामबाबू यादव, विनोद गुप्ता, राजकुमार, मुंसीलाल सगर, श्याम सुंदर सागर आदि मौजूद रहे। वहीं समीपवर्ती ग्राम गूराबरेला में आंबेडकर पार्क में बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया गया। इस मौके पर प्रधान पति नितिन कुमार पटवा, डॉ. रामबाबू यादव, मुकेश कुमार पटवा, चन्द्र शेखर, लटूरीलाल, रामपाल, सिपट्टर सहित काफी संख्या में लोगों ने प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया।




# नगर में आंबेडकर जयंती पर निकली भव्य शोभा यात्रा



शोया यात्रा में ट्रेक्टर से जाते बच्चे। ● अमृत विचार

संवाददाता, इस्लामनगर

**अमृत विचार:** भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की 133वीं जयंती पर रविवार को कस्बा में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जगह-जगह लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत और आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया। शोभायात्रा का पूर्व विधायक हाजी बिट्टन ने फीता काटकर आरंभ किया। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों पर घूमी। इसके साथ ही अंबेडकर पार्क में बाबा साहेब की प्रतिमा पर गणमान्य लोगों ने माल्यार्पण किया।

इस मौके पर डॉ सत्यवीर सिंह, जंग सिंह सागर, मनोज जाटव, प्यारे लाल जाटव, सुमित कुमार, रामौतार, पिंटू, धीर सिंह सागर, विवेक सागर, दीपक सागर, अवनीत कुमार, समेत आदि लोग मौजूद रहे।

### जयंती पर डॉक्टर आंबेडकर को किया नमन



**बिल्सी।** मोहल्ला संख्या 2 होली चौक पर बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की 133 में जयंती मनाई। सर्वप्रथम बाबा साहेब के चित्र को नमन कर पुष्प अर्पित किए। इस मौके पर सभासद अजीत गुर्जर, प्रखर महेश्वरी, उमेश बाबू, विकास सागर, तौफीक, रिंकू सागर, दीपक सागर आदि लोगों उपस्थित रहे।

कैलाश आई एवं जनरल हॉस्पिटल

सभी टी.पी.ए. आयुष्मान कार्ड, लाल कार्ड, पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना द्वारा नाखूना, मोतियाबिन्द ऑपरेशन, पित्त की थैली की पथरी, अपेन्डिसाइट्सि, हार्निया, हाइड्रोसिल, पेट के समस्त ऑपरेशन की सुविधा

फ्री

भर्ती मरीजों की बायोप्सी एवं खून की जाँचें फ्री की जाती हैं।

ओ.पी.डी. ब्लड प्रेशर, शुगर की जाँच, आँख की धुलाई, कम्प्यूटर द्वारा चश्में की जाँच प्रतिदिन फ्री की जाती है।

नाश्ता, रहना, दवाईयां, चश्मा, लेन्स फ्री

अखबार की कटिंग लाने व ऑपरेशन कराने पर रु. 500/- तक का गिफ्ट

किप्स सुपर मार्केट के सामने, 60 एम. आई.जी. जनकपुरी पार्क के पास, बरेली

सम्पर्क करें : संजीव कुमार पाडेय चेयरमैन

9837892555
9412192305



हर दर्द का इलाज करते हैं

डॉ. रूप किशोर

समय प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक

गठिया

फालिज

जोड़ों एवं नसों का दर्द

झनझनाहट

सुन्नपन

फातिमा हॉस्पिटल जगतपुर रोड, बरेली

9267043010


# दो साल बाद फिर वर्कशीट पर पढ़ाई करेंगे दिव्यांग बच्चे

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- शासन ने विभाग को भेजीं 4700 वर्कशीट, जल्द होगा वितरण
- मानसिक रूप से अक्षम दिव्यांग बच्चों को मिलेगा वर्कशीट का लाभ

**अमृत विचार:** दो साल बाद एक फिर दिव्यांग बच्चे वर्कशीट पर पढ़ाई करेंगे। विभाग को 4700 वर्कशीट उपलब्ध हो गई हैं। इनका वितरण जल्द ही शुरू करा दिया जाएगा।

दिव्यांग बच्चों को वर्कशीट से पढ़ाई कराने की योजना शैक्षिक सत्र 2021-22 में शुरू की गई थी। उस दौरान करीब तीन हजार बच्चों ने वर्कशीट से पढ़ाई की थी। परंतु किन्ही कारणों की वजह से दो शैक्षिक सत्र 2022-23 और 2023-24 में छपाई न होने पर विभाग को शासन स्तर से वर्कशीट उपलब्ध नहीं कराई गईं। अब नए शैक्षिक सत्र के दौरान फिर से दिव्यांग बच्चे वर्कशीट पर पढ़ाई करते नजर आएंगे। शासन स्तर से विभाग को 4700 वर्कशीट उपलब्ध कराई गईं हैं। जिनका वितरण जल्द शुरू करा दिया जाएगा।

> दिव्यांग बच्चों को पढ़ाई कराने के लिए 4700 वर्कशीट प्राप्त हुईं हैं। यह योजना दो साल पूर्व शुरू हुई थी। लेकिन विभाग को वर्कशीट उपलब्ध न होने की वजह से बच्चों को इसका लाभ नहीं मिल सका था। अब वर्कशीट प्राप्त हो चुकी हैं। जल्द ही इनका वितरण शुरू करा दिया जाएगा।
> –जितेंद्र सिंह, डीसी समेकित शिक्षा


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
1499/- ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा,
ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

यशस्वी क्लीनिक
डॉ. अनिल मिश्रा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
डायबिटीज एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
मो. 9896567597
समयः प्रातः 9:30 से 2:00 बजे एवं सायं 5:00 बजे से 8:00 बजे तक रविवार को अवकाश रहेगा।
स्वास्थ्य परामर्श
- डेंगू, टायफाइड, मलेरिया का उचित इलाज
- दिल सम्बन्धित बीमारियां
- शुगर, ब्लडप्रेशर, सीने में दर्द
- बुखार, खांसी, सांस सम्बन्धित बीमारियां
- थायराइड, गठिया, खून की कमी
- जिगर, पेट, लीवर, अल्सर, भूख न लगना, वजन घटना, कब्ज, उल्टी एवं दस्त की बीमारी
- दिमागी बुखार, मिर्गी के दौरे, एन्सेफलाइटिस,
- लकवा, स्ट्रोक, सर दर्द, माइग्रेन
- गुर्दे एवं पेशाब की तकलीफ, गुर्दे की पथरी, प्रोस्टेट का बढ़ना, पेशाब में खून आना व जलन।
पताः- फैज़ हास्पिटल के सामने बेसमेन्ट में, 100 फुटा रोड, बरेली
सम्पर्क सूत्रः- 7895161674, 7906502059


# बिजली नहीं तो वोट भी नहीं, ग्रामीणों ने किया मतदान का बहिष्कार

## तहसील बिसौली क्षेत्र के गांव हत्सा में नहीं कराया गया है विद्युतीकरण

संवाददाता, बिसौली


ग्रामीणों द्वारा लगाया गया बैनर।


हजरतपुर गांव की गली में कीचड़ व जलभराव।

**अमृत विचार :** गांव के एक मोहल्ले में 400 मतदाता अंधेरे में रात गुजार रहे हैं। मोहल्ले में विद्युतीकरण न कराने से नाराज ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव के बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। ग्रामीणों ने गांव में बैनर टांगा है। जिस पर लिखा है कि गांव में किसी भी दल का प्रत्याशी या नेता वोट मांगने न आए। पूरे मोहल्ले के मतदाताओं ने वोट डालने के लिए मना कर दिया। सूचना मिलने पर बिसौली तहसीलदार विजय कुमार ने ग्रामीणों को समझाया लेकिन ग्रामीण नहीं माने।

तहसील बिसौली क्षेत्र के गांव ग्राम हत्सा के मोहल्ला बगिया में लगभग 400 मतदाता हैं। मोहल्ला निवासी हेतराम ,यशवीर, प्रवीण, रामदास, आकाश कुमार, रामौतार शर्मा, राहुल, तेजपाल, होरीलाल आदि का कहना है कि चुनाव से पहले सांसद, विधायक, ब्लाक प्रमुख और जिला पंचायत सदस्य आदि वायदा तो कर जाते हैं लेकिन चुनाव जीतने के बाद भूल जाते हैं। जिसके चलते मोहल्ले के मतदाता चुनाव का बहिष्कार करेंगे। ग्रामीणों ने बताया कि करीब चार साल पहले मेन लाइन के जजर्र तार टूट जाने से बिजली सप्लाई ठप हो गई, इसके बाद से गांव में अंधेरा पसरा है। उन्होंने चार दिन पहले एसडीएम को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को दिया था।

- चुनाव के दौरान देते हैं आश्वासन और बाद में भूल जाते हैं जनप्रतिनिधि

तहसीलदार ने चार दिनों के भीतर विद्युतीकरण का काम शुरू होने का आश्वासन दिया था। ग्रामीण वापस आ गए थे लेकिन चार दिन बीतने के बाद भी काम शुरू नहीं हुआ। जिससे गुस्साए ग्रामीणों रविवार को गांव में बैनर टांगकर प्रदर्शन किया। सूचना मिलने पर तहसीलदार गांव गए। ग्रामीणों को समझाने की कोशिश की। ग्रामीण कोई बात मानने को तैयार नहीं थे। मोहल्ले में विद्युतीकरण की जिद पर अड़े रहे। महिलाओं ने बताया कि उन्हें पेयजल के लिए दूसरे मोहल्लों में जाना पड़ता है। ग्रामीण बिजली, पेयजल आदि समस्याओं से जूझ रहे हैं। रात अंधेरे में काटने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का कहना है जनप्रतिनिधियों से शिकायत के बाद भी उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ है। उनके गांव के विकास को दरकिनार किया जा रहा है। कहा कि अगर 20 अप्रैल तक ग्रामीणों की समस्याओं का निस्तारण नहीं होता है तो वह सात मई को होने वाले चुनाव में मतदान केंद्र पर नहीं जांएगे। एसडीएम कल्पना जायसवाल ने बताया कि सूचना मिलने पर तहसीलदार को भेजा था। ग्रामीणों की समस्या का जल्द समाधान कराया जाएगा।

### गांव में जलभराव, लोकसभा चुनाव में मतदान नहीं करेंगे ग्रामीण



**बदायूं अमृत विचार** : सैकड़ों की आबादी वाले विधानसभा बिल्सी क्षेत्र के गांव हजरतपुर के लोगों ने भी लोकसभा चुनाव का बहिष्कार का निर्णय लिया है। ग्रामीण गांव में जलभराव की समस्या से जूझ रहे हैं। कई बार शिकायत करने के बाद भी जनप्रतनिधियों ने उनकी समस्या का समाधान नहीं किया। जिसके चलते उन्होंने यह निर्णय लिया है। गांव में मतदान बहिष्कार का बैनर लगाया है। गांव में लगभग एक हजार मतदाता हैं। गांव के मुख्य मार्गों पर जलभराव की समस्या बनी हुई है। बारिश के मौसम में तो घरों में पानी घुस आता है। ग्रामीण लगभग चार सालों से गांव में नाले बनवाने की मांग करते आ रहे हैं लेकिन कोई जनप्रतिनिधि सुनने को तैयार नहीं है। चुनाव के दौरान आते हैं और वादे करके चले जाते हैं। ग्रामीणों में खासा गुस्सा इस बात का भी है कि केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा उनके क्षेत्र से हैं। विधानसभा से विधायक हरीश शाक्य भी सत्ताधारी पार्टी से हैं। इसके बाद भी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### नवमी आयोजन समिति के अध्यक्ष बने चंद्रसेन माहेश्वरी

बिल्सी। नगर में महेश नवमी 15 जून को मनाने का निर्णय लिया गया है। यह निर्णय पश्चिमी उत्तर प्रदेश माहेश्वरी सभा की नगर कार्यकारिणी की बैठक में लिया गया।

आयोजन समिति के अध्यक्ष के रूप में चंद्रसेन माहेश्वरी को चुना गया। इस अवसर पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश माहेश्वरी सभा के प्रदेश मंत्री सुभाष बाहेती, जिला महामंत्री राकेश माहेश्वरी, जिला उपाध्यक्ष सुधीर सोमानी, नगर अध्यक्ष उमेश तोषनीवाल, नगर महामंत्री अमित माहेश्वरी उर्फ डैनी, दीपक माहेश्वरी, सचिन असावा, घनेंद्र माहेश्वरी, निशिकांत माहेश्वरी, निशांत माहेश्वरी, कुमुद माहेश्वरी, प्रभात माहेश्वरी, भुवनेश्वर राठी, अरविंद माहेश्वरी, यतींद्र माहेश्वरी, सुमित माहेश्वरी, शशांत असावा, मनोज बिरला आदि लोग उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाया खालसा साजना दिवस

कार्यालय संवाददाता बदायूं


सत्संग सभा में शामिल महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा पंजाबी मोहल्ला में श्री सुखमनी साहिब सेवा सोसाइटी का सालाना समागम एवं खालसा साजना दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। जिसमें सबसे पहले विशेष दीवान लगा जो की शाम 7 बजे से रात के साढ़े 11 बजे तक चला। जिसमें विशेष तौर से रागी जत्था भाई सुखप्रीत सिंह जी खालसा अमृतसर साहब से पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि किस तरीके से हिंदू धर्म को बचाने के लिए गुरु गोविंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की थी।

इसी प्रकार सवेरे का दीवान लगा जिसमें सवेरे आसा दी वार का कीर्तन हजूरी रागी जत्था भाई परमजीत सिंह प्रभजोत सिंह द्वारा किया गया। उसके उपरांत 7 दिन से रखे पाठ की समाप्ति समूह साध संगत ने मिलकर की। इसके बाद भाई सुखप्रीत सिंह खालसा राजी जत्था अमृतसर वालों ने कीर्तन व कथा की। उन्हें गुरु घर की ओर से सम्मानित भी किया गया। समाप्ति उपरांत समूह साथ संगत ने गुरु का लंगर छका। समागम में गुरुद्वारा साहिब की प्रधान रजनी तनेजा, मनजीत सिंह, रणजीत सिंह, गुरदीप सिंह, गुरचरण सिंह, जितेंद्र सिंह, प्रभात ग्रोवर, मनीष नारंग, हरजिंदर सिंह, संजय कोचर, सुभाष कोचर, साहिल खुराना, कन्हैया सिंह, गुरमीत कौर, कमलजीत कौर, हरलीन कौर, जसमीत कौर, तरुण अरोड़ा आदि का विशेष योगदान रहा।


शबद कीर्तन करता रागी जत्था।

# इस बार नफरत और मोहब्बत के बीच का चुनाव है

**बदायूं, अमृत विचार** :समाजवादी पार्टी के बदायूं लोकसभा पद के उम्मीदवार और पूर्व मंत्री शिवपाल सिंह यादव के पुत्र आदित्य यादव के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन पूर्व सांसद व केंद्रीय मंत्री सलीम शेरवानी, पूर्व मंत्री शिवपाल सिंह यादव व पूर्व मंत्री आबिद रजा के द्वारा किया गया।

पूर्वमंत्री आबिद रज़ा ने कहा कि जनता सोच समझ कर निर्णय ले, क्योंकि ये इलेक्शन समाजवादी और भाजपाइयों के बीच का नहीं बल्कि मोहब्बत और नफरत के बीच है। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष आशीष यादव, बदायूं के लोक सभा प्रभारी पूर्व सांसद वीरपाल यादव, दारूल उलूम शाहे विलायत के सरवराए आला हजरत मौलाना अब्दुल रसूल कादरी, पटियाली की पूर्व विधायक जीनत खान, पूर्व विधायक प्रेमपाल सिंह आदि रहे।


सपा के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करते सलीम इकबाल शेरवानी।

# अग्निशमन विभाग ने मनाया स्मृति दिवस

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


जागरुकता रैली के दौरान पंफलेट वितरण करते अग्निशमन विभाग के अधिकारी।

- शहीद अग्निशमन कर्मियों को विभागीय अधिकारियों ने दी श्रद्धांजलि
- शहर के शहीद चौक पर मनाया स्मृति दिवस पर हुए आयोजन

**अमृत विचार:** अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस पर अग्निशमन विभाग की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर पुलिस अधिकारियों ने शहीद हुए फायरकर्मियों को श्रद्धांजलि दी। साथ ही शहर में जागरुकता रैली निकाली। जिसे मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

दमकल विभाग के कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अग्निशमन अधिकारी रामराजा यादव ने बताया कि 14 अप्रैल 1944 को मुंबई बंदरगाह में मालवाहक जहाज में आग बुझाते हुए 66 अग्निशमन कर्मी शहीद हो गए थे। उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करने के लिए प्रत्येक वर्ष 14 अप्रैल को अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस मनाया जाता है। अब 14 से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह मनाया जाएगा। मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि सप्ताह में अलग-अलग स्थानों पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि श्रद्धांजलि कार्यक्रम के बाद विभागीय कर्मचारियों और आम नागरिकों को पिन फ्लैग लगाए गए। इसके उपरांत अग्निशमन वाहनों की जागरुकता रैली निकाली गई। जिसमें लोगों को जागरूक करते हुए पंफलेट का वितरण किया गया। इस मौके पर अरविंद कुमार आदि मौजूद रहे।


# राहुल, प्रियंका से मिलने साइकिल से युवक रवाना



**दातागंज।** कांग्रेस की नीतियों से प्रभावित होकर क्षेत्र के गांव बेलाड़ाडी निवासी एक युवक 250 किलोमीटर की साइकिल से यात्रा करके राहुल गांधी व प्रियंका वाड्रा से मिलने को सड़क मार्ग से दिल्ली को जा रहा है। कोतवाली दातागंज क्षेत्र के गांव बेलाड़ाडी निवासी मोहन यादव ने बताया कि वह कांग्रेस की नीतियों से प्रभावित है। इसलिए वह राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा से मिलने को साईकिल से दिल्ली जा रहा है। मोहन यादव ने कहा कि राहुल गांधी सत्य के साथ राजनीति कर रहे हैं जबकि अन्य दल स्वार्थ की राजनीति कर रहे हैं।

खबरें पेज 6 व 7 पर भी पढ़ें...

## सप्तमी कालरात्रि



मां दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती हैं। दुर्गा पूजा के सातवें दिन मां कालरात्रि की उपासना का विधान है। इस दिन साधक का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। इसके लिए ब्रह्मांड की समस्त सिद्धियों का द्वार खुलने लगता है। देवी कालरात्रि को व्यापक रूप से माता देवी-काली, महाकाली, भद्रकाली, भैरवी, रुद्रानी, चामुंडा, चंडी और दुर्गा के क विनाशकारी रूपों में से एक माना जाता है। देवी कालरात्रि की पूजा से शनिदोष खत्म होता है।

बीज मंत्र-क्लीं ऐं श्री कालिकायै नमः।

आप सभी क्षेत्रवासियों को नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
मां वैष्णो ग्रुप ऑफ प्रॉपर्टीज
बदायूं
सोनी सैनी 7078141111
सनी सक्सेना 7078131111

शिव इन्टरप्राईजेज
फोम एण्ड प्लाई
गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# अलग-अलग क्षेत्र में महिला समेत तीन लोगों ने फंदा लगाकर दी जान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं, अमृत विचार : अलग-अलग थाना क्षेत्र में महिला समेत तीन लोगों ने फंदा लगाकर जान दे दी। परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पुलिस पहुंची। एक शव का पोस्टमार्टम कराया गया जबकि दो शवों का पोस्टमार्टम सोमवार को कराया जाएगा। मृतक महिला के मायके वालों ने दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है।

## दहेज के लिए परेशान करते थे ससुरालीजन, दे दी जान

संवाददाता, दातागंज

**अमृत विचार:** कोतवाली दातागंज क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर मायका पक्ष पहुंचा। ससुरालीजनों पर दहेज मांगने से परेशान होकर जान देने का आरोप लगाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जिला शाहजहांपुर के थाना गढ़िया रंगीन क्षेत्र के गांव मोहटा निवासी विक्रम पाली की बेटी प्रियंका (25) की शादी साल 2021 में कोतवाली दातागंज क्षेत्र के गांव कल्यानपुर निवासी सतेंद्र पाली के साथ हुई थी। रविवार को उनका परिवार गेहूं की फसल काटने के लिए खेत पर गया था। प्रियंका घर पर अकेली थीं। सुबह किसी समय उन्होंने कमरे में अपने दुपट्टे से फंदा लगाकर जान दे दी। ग्रामीणों ने शव लटकता देखा तो उनके परिजन और मायका पक्ष को सूचना दी। मायका पक्ष गांव पहुंचा। विक्रम पाली ने बताया कि बेटी के सास-ससुर और पति बाइक व अन्य सामान के लिए लगातार दबाव बनाते थे। आए दिन उत्पीड़न और मारपीट करते थे। जिसकी वजह से प्रियंका ने जान दी है। सूचना पर सीओ केके तिवारी, दातागंज कोतवाल अरिहंत सिद्धार्थ पहुंचे। विक्रम पाली ने बेटी के पति सत्येंद्र पाली, सास गंगा देवी, ससुर ओमकार पाली के खिलाफ तहरीर दी। सीओ ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है। शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। जांच करने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## स्वर्ग वाहन के चालक ने दुकान में लगाया फंदा

संवाददाता, बिसौली

- नगर पालिका का स्वर्ग वाहन चलाता था अरुण
- 22 अप्रैल हो होनी है छोटे भाई की शादी

**अमृत विचार:** बिसौली कोतवाली क्षेत्र की बद्री प्रसाद कॉलोनी निवासी नगर पालिका के स्वर्ग वाहन के चालक ने शनिवार रात अपनी दुकान में फंदा लगाकर जान दे दी। परिवार में चीत्कार मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।



मृतक अरुण।

कॉलोनी निवासी अरुण कुमार पाल (30) नगर पालिका में स्वर्ग वाहन के चालक थे और घर पर सौंदर्य प्रसाधन की दुकान चलाते थे। उनके छोटे भाई विकास कुमार की 22 अप्रैल को शादी है। शनिवार शाम वह रिश्तेदारों के यहां शादी के कार्ड बांटकर घर आए थे और अपने कमरे में जाकर सो गए। सोमवार सुबह उनका शव फंदे में लटका मिला। परिवार में चीख पुकार मच गई। कॉलोनी के लोगों के अनुसार लगभग चार साल पहले उनके बड़े भाई ने भी फंदा लगाकर जान दी थी। परिजनों के अनुसार अरुण कुमार का न ही परिवार और न ही किसी और से किसी प्रकार का विवाद था। उन्होंने आत्महत्या क्यों की इसके बारे में कुछ नहीं पता। प्रभारी निरीक्षक सुनील अहलावत ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई होगी।

## शाम को भाई से फोन पर हुई बात सुबह फंदे पर मिला युवक का शव

संवाददाता, वजीरगंज

**अमृत विचार:** कोतवाली सहसवान क्षेत्र के गांव नसूपुर फिरोजपुर निवासी थानेश्वर (30) पुत्र बदन सिंह खेती करते थे। साथ ही वह दिल्ली में रहकर मजदूरी करते थे। छह महीने से वह निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस-वे के कांट्रेक्टर अनिल की गाड़ी चलाते थे।



मृतक थानेश्वर।

थाना वजीरगंज क्षेत्र गांव बनकोटा के पास से गुजर रहे निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस-वे के पास काम चल रहा है। रविवार को पास में ही एक देवस्थान पर पीपल के पेड़ पर उनका शव लटका मिला। साथ में काम कर रहे मजदूरों ने पुलिस और उनके परिजनों को सूचना दी। मजदूरों ने पुलिस को बताया कि थानेश्वर कुछ दिनों से मानसिक तनाव में लग रहे थे। पुलिस ने शव उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानेश्वर के छोटे भाई राहुल ने बताया कि शनिवार देर शाम लगभग 8 बजे थानेश्वर ने उन्हें फोन किया था। कहा था कि गेहूं की कटाई करा देना। वह उनके बैंक खाते में पांच हजार रुपये डाल देंगे। उन्होंने राहुल के खाते में रुपये नहीं डाले और रविवार को उनके परिजनों को मौत की सूचना मिली। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।



शव लटका होने की सूचना पर पहुंची पुलिस।

## आंबेडकर जयंती पर ओवररेट बिकी देशी शराब

**ककराला, अमृत विचार :** आंबेडकर जयंती पर सार्वजनिक अवकाश होने के बाद भी देसी शराब की जमकर बिक्री हुई। शराब के धंधेबाजों ने नाली में पौवा लाकर डाल दिए उसके बाद नाली से निकाल कर शराब के पौवा बेचे गए। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। आंबेडकर जयंती के अवसर पर रविवार को पूरा बाजार बंद रहा, लेकिन शराब के धंधेबाजों ने शराब बेचने का नया तरीका खोज निकाला। धंधेबाजों ने देसी शराब के पौवा पहले ही नाली में डाल कर छिपा दिए। जब रविवार को नाली से निकाल कर शराब के पव्वे बेचे गये तो लोगों ने वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर डाल दिया। लोगों ने बताया कि 80 रुपए में बिकने वाला पौवा 120 रुपए में बेचा गया। कस्बा ककराला में ओवररेट शराब बेचना आम बात है। सुबह दिन निकलते ही अवैध तरीके से देसी शराब की ओव रेट बिक्री शुरू हो जाती है।

# ट्रांसफार्मर का सामान करते थे चोरी, रामपुर, बरेली के बदमाश पकड़े

संवाददाता, इस्लामनगर

**अमृत विचार :** थाना इस्लामनगर पुलिस और एसओजी ने ट्रांसफार्मर और उसके भीतर का कीमती सामान चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा किया है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने तीन बदमाशों को पकड़ा। जिनसे पूछताछ के बाद अन्य बदमाशों की तलाश में घेराबंदी की। अन्य तीन बदमाश कार से आए। सामने पुलिस को देखकर गाड़ी को दौड़ा दिया। गाड़ी फंसी तो खुद को घिरता हुआ देखकर बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। एक सिपाही को गोली लगी। वहीं पुलिस ने भी जवाबी फायर किया। एक बदमाश के पैर में गोली लगी। उसके दो साथी भाग गए। पुलिस ने तीन बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जेल भेजा। घायल बदमाश और सिपाही का इलाज चल रहा है। पुलिस फरार बदमाशों की तलाश कर रही है।

शनिवार देर शाम इस्लामनगर थाना पुलिस और एसओजी को सूचना मिली कि इस्लामनगर-



पुलिस की गिरफ्त में गोली लगने से घायल बदमाश।

- पहले पकड़े तीन बदमाशों से पूछताछ के बाद मुठभेड़ में एक बदमाश को लगी गोली

बिसौली मार्ग स्थित बनखंडी मंदिर के पास कुछ लोग एक बोलेरो से साथ खड़े हैं। जो ट्रांसफार्मर से चोरी किया गया तेल बेचने और अन्य घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। पुलिस और एसओजी मौके पर पहुंची। तीन लोगों को 8 बजकर 10 मिनट पर हिरासत में लिया। जिन्होंने अपना नाम जिला रामपुर के थाना शाहबाद क्षेत्र के गांव रुस्तमनगर उर्फ नटियाखेड़ा निवासी दिलशाद पुत्र अजीम खां, गांव भगवतीपुर निवासी सलीम पुत्र हसमत खां मेवाती, बरेली के थाना सिरौली क्षेत्र के गांव दस्तमपुर निवासी अली शेर उर्फ छोटे पुत्र फतेह शेर मेवाती बताया।



पुलिस की गिरफ्त में ट्रांसफार्मर व सामान चोरी करने के आरोपी। ● अमृत विचार

पुलिस की पूछताछ में उन्होंने बताया कि वह अपने अन्य साथियों के इंतजार में खड़े थे। पुलिस दोबारा उसी स्थान पर पहुंची। छिपकर बदमाशों का इंतजार करने लगी। रात लगभग एक बजे बिसौली की ओर से एक गाड़ी आती दिखी। पुलिस ने गाड़ी रोकने के लिए हाथ दिया तो चालक ने गाड़ी गांव चिचैटा व हेमपुर की ओर मोड़ दी। भागने के दौरान गाड़ी मक्का के खेत में मिट्टी में फंस गई। तीन बदमाश गाड़ी से उतरकर भागने लगे। पुलिस ने उनका पीछा किया। बदमाशों ने खुद को घिरता देखकर पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। सिपाही निर्भय सिंह के हाथ में गोली लगी। पुलिस ने भी जवाब में फायरिंग की। एक बदमाश के पैर में गोली लगी। वह घायल हो गया। पुलिस ने उसे पकड़ लिया जबकि दो बदमाश भाग गए। पकड़ा गया बदमाश गांव दस्तमपुर निवासी आबिद पुत्र हसमत खान है। उसके पास से तमंचा व दो कारतूस बरामद हुए। उसने फरार हुए दोनों बदमाशों के नाम बिसौली क्षेत्र के गांव नागपुर निवासी छोटे खान पुत्र अली जान, रामपुर के गांव रुस्तमनगर निवासी असलम पुत्र नन्हें बताया। पुलिस ने घायल बदमाश और सिपाही को अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने जानलेवा हमला, आर्म्स एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज करके तीन बदमाशों को जेल भेजा है जबकि चौथे का इलाज चल रहा है।

**दो बोलेरो, तीन तमंचे बरामदः** पुलिस ने दो बोलेरो यूपी 22 एएल 2136 और यूके 06 जेड 7703, तीन तमंचे, 6 कारतूस, ट्रांसफार्मर की 96 प्लेट, 85 लीटर तेल, ट्रांसफार्मर खोलने के उपकरण, दो मोबाइल, 435 रुपये आदि बरामद किए।

### ऐसे देते थे वारदात को अंजाम

पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह बिजली लाइन पर लोहे की जंजीर डालकर बिजली सप्लाई रोकते हैं। ट्रांसफार्मर को खंभे से खोलकर जमीन पर गिरा देते हैं। जिसके भीतर से कीमती धातु क्वायल, प्लेट व तेल निकालकर बोलेरो गाड़ी में लोड कर लेते हैं। चलते-फिरते लोगों को बेच देते हैं। बताया कि बदायूं के इस्लामनगर, वजीरगंज, बिसौली के अलावा रामपुर और बरेली में भी ट्रांसफार्मर और उसके भीतर का कीमती सामान चोरी कर चुके हैं। वह संगठित गिरोह चलाते हैं। वह पांच-छह महीने में 10 से 12 स्थानों पर घटना को अंजाम दे चुके हैं। वह दो बोलेरो गाड़ियां घटना में प्रयोग करते हैं।

### अपराध की दुनिया में बदमाशों का लंबा रिकार्ड

थाने के प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह व एसओजी इंचार्ज नीरज मलिक ने बताया कि अपराध की दुनिया में बदमाशों का लंबा रिकार्ड है। मुठभेड़ में गिरफ्तार हुए आबिद पर आर्म्स एक्ट, गोवध, लूट के अलावा चोरी के कई मुकदमे चल रहे हैं। दिलशाद पर चोरी, नुकसान पहुंचाने, सलीम पर चोरी के चार मुकदमे, अली शेर उर्फ छोटे पर चोरी के चार मुकदमे दर्ज हुए थे। इनके अलावा छोटे खान पर चोरी के चार, गोवध के सात, जानलेवा हमला, आर्म्स एक्ट, धोखाधड़ी, कूटरचना के साथ साल 2015 व 2018 में गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज हो चुकी है। वहीं असलम पर एनडीपीएस, चोरी के चार, जानलेवा हमला आदि के मुकदमे चल रहे हैं।

## पुल के नीचे फेंक दीं सरकारी अस्पताल की दवाइयां



पुल के नीचे पड़ीं दवाइयां।।

**सहसवान, अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दहगवां ब्लॉक से लगभग पांच किलोमीटर की दूरी पर उस्मानपुर पुल के नीचे रविवार को बड़ी मात्रा में दवाइयां पड़ी मिलीं। यह दवाइयां स्वास्थ्य केंद्रों पर गरीबों के इलाज के लिए भेजी गयी थीं।

रविवार को कुछ लोगों ने पुल के नीचे दवाइयां पड़ी देखीं, यह दवाइयां किसने लाकर फेंकी, इसकी किसी को जानकारी नहीं है। यदि दवाइयां एक्सपायर हो चुकी थीं तो उन्हें गड्ढा खोद कर दबाया जाना चाहिए था और यदि एक्सपायर नहीं थीं तो इन्हें फेंका क्यों गया। इस बात की चर्चा की जा रही है।

सीएमओ डॉ. अब्दुल सलाम खान ने बताया कि दवाइयां फेंकने की बात जानकारी में नहीं हैं। अब सोमवार को इसके बारे में पता लगाया जाएगा। जिसकी लापरवाही सामने आएगी उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

## वारंटी को पकड़कर छोड़ने का महिला ने लगाया आरोप

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** पत्नी को खर्च देने के एक मामले में कोर्ट में आरोपी का वारंट जारी किया। पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया। सूचना मिलने पर उसकी पत्नी थाने पहुंची। लेकिन पुलिस ने ईद की नमाज पढ़ने के बहाने उसके पति को छोड़ दिया। महिला ने पुलिस पर सांठगांठ करके उसके पति को छोड़ने का आरोप लगाया। वहीं पुलिस ने आरोपी के भाई को पकड़ने की बात कही है।

मामला कोतवाली सहसवान क्षेत्र निवासी पति-पत्नी का है। महिला चांदतारा कस्बा सहसवान और उसका पति रागिब थाना जरीफनगर क्षेत्र के कस्बा दहगवां में रहता है। चांदतारा ने कुटुंब न्यायालय में पति के खिलाफ मुकदमा डाला है। कोर्ट ने रागिब को आदेश दिया कि वह चांदतारा को 65 हजार रुपये दे लेकिन वह कोर्ट के समक्ष उपस्थित नहीं हुआ। जिसेक चलते कोर्ट ने उसके खिलाफ वारंट जारी करके उसे गिरफ्तार करने का आदेश दिया था। चांदतारा का आरोप है कि पुलिस ने ईद वाले दिन उसे पकड़ लिया था। सूचना मिलने पर वह थाना जरीफनगर पहुंचीं तो पुलिस ने उसके सामने ही रागिब को छोड़ दिया। कहा कि ईद की नमाज पढ़ने के बाद वापस आ जाना। जिसके बाद वह वापस नहीं लौटा। जरीफनगर के थानाध्यक्ष रविकरन सिंह ने बताया कि रागिब को नहीं पकड़ा गया है। उसके बारे में जानकारी करने के लिए उसके भाई को पकड़ा था। वारंटी को जल्द पकड़ा जाएगा।

## दो पक्षों में चले जमकर लाठी-डंडे कई लोग घायल

**सहसवान, अमृत विचारः** सहसवान थाना क्षेत्र के ग्राम शाहपुर तहरखेड़ा में सुबह सात बजे बिकार पुत्र जाहिद दूध लेने जा रहे थे। रास्ते में उन्हें तुलन पुत्र जमील मिल गए। पुरानी रंजिश के चलते दोनों में झगड़ा हो गया। विवाद इतना बढ़ गया के दोनों पक्षों की तरफ से लाठी डंडे चलने लगे।

मारपीट में जिसमें बिकार के पक्ष के कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों को ग्रामवासी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां दूसरे पक्ष के तुलन पुत्र जमील का पक्ष भी पहुंच गया। सीएचसी में भी जमकर मारपीट हुई। अस्पताल स्टाफ ने पुलिस को सूचना दी। गंभीर रूप से घायल विकार के भाई इकरार जिला रेफर कर दिया गया। विकार ने तहरीर दी है।

# युवक की हत्या का आरोपी भाई गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- हजरतपुर क्षेत्र के गांव नगरिया खनू निवासी युवक ने 20 मार्च को की थी युवक की हत्या
- हत्या के बाद से फरार था आरोपी, एसएसपी ने घोषित किया था 25 हजार का ईनाम

**अमृत विचार :** थाना हजरतपुर क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने अपने छोटे भाई की फावड़ा मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी। जिसके बाद से हत्यारोपी फरार चल रहा था। एसएसपी ने हत्यारोपी पर 25 हजार रुपये का ईनाम घोषित किया था। रविवार को प्रभारी निरीक्षक ने हत्यारोपी को शाहपुर मार्ग से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से तमंचा और कारतूस बरामद हुए। उसकी निशानदेही पर आला कत्ल फावड़ा बरामद हुआ। पुलिस ने हत्यारोपी को जेल भेजा।

हजरतपुर थाना क्षेत्र के गांव नगरिया खनू निवासी नर सिंह के चार बेटे थे। जिसमें सबसे बड़ा रामस्वरूप, उससे छोटा पप्पू, फिर हरवंश और सबसे छोटा हरिओम है। चारों भाई पैतृक जमीन पर खेती करते थे। 20 मार्च की रात पप्पू की हत्या कर दी गई थी। इसके बाद से उसका बड़ा भाई रामस्वरूप फरार हो गया था।

**छोटे भाई ने दी थी तहरीर**

अगले दिन हरिओम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बड़ा भाई रामस्वरूप शराब पीने आदी है। वह अक्सर शराब पीकर घर आता है और घर पर झगड़ा करता है। कई बार उसे परिवार के लोगों ने समझाया लेकिन उसने शराब पीने की आदत नहीं छोड़ी। आरोप है कि 20 मार्च को वह शराब पीकर घर आया था। बिना किसी बात के



गिरफ्त में आरोपी।

परिजनों को गाली देने लगा। दूसरे भाई पप्पू ने गाली देने से मना किया तो राम स्वरूप हाथापाई करने लगा। ग्रामीण और परिजनों ने बीच बचाव करा दिया।

**सोते समय फावड़े से किया था हमला**

मामला शांत होने के बाद वह और हरवंश फसल की रखवाली करने खेत पर चले गए थे। रामस्वरूप भी घर से निकलकर चला गया था। कुछ देर के बाद राम स्वरूप और शराब पीकर घर आया। उसने चारपाई पर सो रहे पप्पू पर फावड़ा से वार करके हत्या कर दी। हरिओम की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी राम स्वरूप के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। रामस्वरूप फरार हो गया था। पुलिस ने उसकी तलाश में कई जगह दबिश लेकिन कहीं पता नहीं चल सका। जिसके चलते उस पर इनाम घोषित किया गया था। शनिवार देर रात प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश कुमार सिंह पुलिस बल के साथ गांव शाहपुर मार्ग पर चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान रात लगभग साढ़े 11 बजे वहां से गुजर रहे रामस्वरूप को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक तमंचा और एक कारतूस मिला। उसने अपने छोटे भाई की हत्या करने की बात कबूल की। उसकी निशानदेही पर पुलिस हत्या में प्रयुक्त फावड़ा भी बरामद कर लिया। पुलिस ने उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा भी बढ़ाई है। हत्यारोपी को जल्द ही रिमांड लिया जाएगा। गिरफ्तारी करने वालों में प्रभारी निरीक्षक के साथ उपनिरीक्षक बलवीर सिंह व सिपाही विजय तोमर रहे।

**मौसम की मार** रात-दिन गेहूं की कटाई कर रहे किसान, खेतों में चल रहीं मशीनें, आसमान में काले बादल देख किसानों के छूट रहे पसीने

# हर दिन बदल रहा मौसम का मिजाज, किसानों की बढ़ी धड़कनें

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** मौसम का मिजाज हर रोज करवट ले रहा है, जिससे किसानों की सांस फूलने लगी हैं। खेतों में खड़ा गेहूं रात-दिन काटा जा रहा है। साथ ही किसान थ्रेसिंग भी करा रहे हैं, जिससे जितनी जल्दी हो उनकी फसल खेत से घर पहुंच जाए।

पिछले तीन-चार दिन से हर रोज आसमान में काले बादल हो रहे हैं। बादलों को देख कर किसानों के चेहरों की हवाइयां उड़ी हुई हैं। क्योंकि अभी 60 प्रतिशत गेहूं खेतों में खड़ा है। जिसकी कटाई हो रही है। जबकि मात्र 40 प्रतिशत गेहूं खेतों से घर तक पहुंचा है। अब मौसम बिगड़ने की आशंका व्यक्त की जा रही है। बादल होने से लोगों को बारिश का डर सता रहा है। इसलिए गेहूं की फसल को जल्दी उठाने की कोशिश में रात दिन गेहूं की कटाई की जा रही है। रविवार को सुबह 6 बजे आसमान में बादल छा गए। बादलों को देख किसानों के पसीने छूट गए। किसानों ने अपने खेत में कटा पड़ा गेहूं मशीन से निकालना शुरू कर दिया। कई किसानों ने गेहूं नम होने के बाद भी मशीन से निकाल लिया, जिससे गेहूं बारिश होने से पहले घर पहुंच जाए। किसानों का कहना है कि 6 महीने मेहनत से तैयार की गई गेहूं की फसल यदि बारिश में भीग गयी तो भारी नुकसान होगा। जो गेहूं खेतों में कटा पड़ा है वह भीगने से पन्द्रह दिन में सूख पाएगा, उसके बाद मशीन से निकाला जाएगा। गेहूं के भीगने से भूसा बेकार हो जाता है और गेहूं की क्वालिटी भी अच्छी नहीं रहती है। उसकी बिक्री पर असर पड़ता है। इसलिए प्रयास है कि बारिश होने से पहले ही गेहूं को काट कर थ्रेसिंग करा लिया जाए।

किसानों का कहना है कि होली के बाद पछवा हवा चलती है, जिससे गेहूं सूख जाता है, जिससे उसकी कटाई भी ठीक होती है। लेकिन इस बार पछवा हवा नहीं चली है। पुरबा हवा से गेहूं में नमी है, जिससे कटाई में परेशानी हो रही है। इसके साथ ही गेहूं सूख नहीं पा रहा है। मशीन में डालने पर गेहूं में गांठ आ रही है। फिर भी जल्दी से निकाला जा रहा है।



खेत में गेहूं काटते किसान। ● अमृत विचार



थ्रेसिंग कराने के बाद गेहूं की बोरी भरते बच्चे। ● अमृत विचार

## जलती चिड़िया गिरने से चार बीघा गेहूं जलकर राख

**उसावा, अमृत विचार :** समीपवर्ती ग्राम नगरिया अभय में रामशंकर तिवारी के खेत में जलती चिड़िया के गिर जाने से चार बीघा गेंहू जल कर राख हो गया, किसानों ने बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया

म्याऊं ब्लाक के अंतर्गत समीपवर्ती ग्राम नगरिया अभय में रविवार की शाम खेतों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन पर एक चिड़िया बैठी थी। तार की चपेट में आने से चिड़िया जलने लगी और गेहूं के खेत में गिर गयी। जिससे गेहूं आग लग गयी। किसानों ने बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया। खेत स्वामी रामशंकर तिवारी के अनुसार आग से चार बीघा से अधिक का गेंहू की फसल जलकर राख हो गई। हल्का लेखपाल मोरपाल ने नुकसान का आकलन किया है।

# राजकीय मेडिकल कॉलेज में मचा बच्चा चोरी का शोर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कॉलेज से नवजात चोरी हो जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने पुलिस को बुला कर नवजात दिलाने की मांग की। इस मामले को लेकर महिला के परिजनों ने हंगामा किया।

थाना बिल्सी क्षेत्र के ग्राम गढ़ी निवासी सोनू की पत्नी सरोजिनी 13 अप्रैल को राजकीय मेडिकल कॉलेज में होने को आयी। महिला ने स्वयं को आठ महीने की गर्भवती बताया। महिला ने कहा कि वह आज अकेली है, इसलिए आज भर्ती नहीं होगी। महिला अपने घर लौट गयी। रविवार को महिला राजकीय मेडिकल कालेज में भर्ती हो गयी। कुछ देर बाद महिला ने हंगामा करना शुरू कर दिया कि उसके नवजात बच्चे को चोरी कर लिया गया। महिला बेकाबू हो गयी तो पुलिस को बुलाया गया। सूचना मिलने पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। महिला का पति मुंबई में रहता है। महिला ने पुलिस को बताया कि उसका नवजात बच्चा चोरी कर लिया गया है। उसका बच्चा दिलाया जाए। इस बात पर रविवार को मेडिकल कालेज में खासा हंगामा रहा।


> महिला 13 अप्रैल को आयी थी। उसको उल्टी दस्त की शिकायत थी। महिला प्रेग्नेंट नहीं थी। स्त्री रोग विशेषज्ञों ने आज महिला का स्वास्थ्य परीक्षण किया। महिला मानसिक रोगी है। वह इस तरह की बातें करती है। महिला अभी भी मेडिकल कॉलेज में भर्ती है। उसकी देखरेख की जा रही है। नवजात चोरी का आरोप निराधार है।
>
> – डॉ. एनसी प्रजापति, प्राचार्य राजकीय मेडिकल कॉलेज

# ब्रह्मलीन हो गए श्री वराह मंदिर के महंत रामचंद्र गिरी महाराज

संवाददाता, सोरोंजी

- काफी समय से चल रहे थे अस्वस्थ, भक्ति में रहे लीन
- पिछले ही महीने योगी आदित्यनाथ ने काशी पहुंच कर जाना था हाल

**अमृत विचार:** श्री वराह मंदिर के महंत एवं महामंडलेश्वर स्वामी रामचंद्र गिरी महाराज ब्रह्मलीन हो गए हैं। बीते लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। काशी में उनका उपचार चल रहा था। बीते दिनों प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका हाल जाना था। अब उन्होंने अंतिम सांस ली है। सोमवार दोपहर को जल समाधि कार्यक्रम होगा। उनके ब्राह्लीन हो जाने से तीर्थ नगरी के लोगों में शोक की लहर है।


रामचंद्र गिरी।

श्री-श्री 1008 रामचंद्र गिरी महाराज काफी समय से काशीमठ में रह रहे थे। भगवान श्री वराह मंदिर के महंत थे। समय-समय पर वराह मंदिर भी पहुंचते रहे। काशी के महामंडलेश्वर भी थे। पिछले महीने जब उनका स्वास्थ्य खराब हुआ तो उन्हें उपचार के लिए भर्ती कराया गया। अब जब वे ब्रह्मलीन हो गए हैं तो संत समाज में शोक है। संत समाज का कहना है कि यह अपूर्णीय क्षति है। उनके सानिध्य में तमाम फूल खिले और समाज को खुशबू मिली। उनका संपूर्ण जीवन संघर्ष में बीता।

महामंडलेश्वर आशुतोषानंद महाराज ने कहा कि गुरुदेव काशी के दिव्य पुरुषों में एक थे। उनका जन्म गुजरात के बड़ोदरा शहर में हुआ था। उन्होंने गुजरात पुलिस के रूप में भी सेवा प्रदान किया। मन में प्रबल भक्ति भावना के संकल्प के साथ ही स्वामी भगवान बुद्ध तथा श्री गुरु गोविंद सिंह की धरती बिहार पहुंचे तथा उन्होंने वहां मोक्ष दायिनी गंगा के पवित्र तट पर विश्वास के प्रति वट वृक्ष के नीचे 12 वर्षों तक तपस्या की। लोगों को गीता का उपदेश देते रहे। उसके बाद वे काशी आ गए। उनकी संत सेवा भावना से प्रभावित होकर वर्तमान महामंडलेश्वर ने आश्रम उनको सौंप दिया।

# धूमधाम से मनाई गई संविधान शिल्पी डॉ. आंबेडकर की जयंती

## जिलेभर में अनुयाइयों ने बाबा साहब को किया याद, शहर में सुबह निकाली गई प्रभात फेरी उसके बाद शाम को शोभायात्रा

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर का जन्मदिवस जिले भर में अनुयायियों द्वारा धूमधाम से मनाया गया। शहर और कस्बों में शोभायात्रा निकाली गई। आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। देर शाम शहर में बाबा साहब की शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें दर्जनों झांकियों का प्रदर्शन किया गया।

शहर में आंबेडकर जन्मोत्सव समारोह समिति के तत्वाधान में डा. भीमराव आंबेडकर का जन्मोत्सव मनाया गया। शाम को शहर के सहावर गेट स्थित भीम नगर से आंबेडकर की शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा का शुभारंभ मुख्य संरक्षक रामजीलाल विद्यार्थी, पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि राजवीर साहू ने किया। शोभायात्रा नगर भ्रमण कराया गया। समाज के लोग एवं अनुयायियों ने शोभायात्रा में बढ़ चढ़कर भागेदारी की। दर्जन भर से अधिक झांकियों का प्रदर्शन किया गया। शोभा यात्रा में भारत निर्माण, बाब साहेब की झांकियों सहित दर्जनों प्रेरणादायी झांकियां प्रस्तुत की गई। काली आखाड़ा शोभा यात्रा में आकर्षण का केंद्र रहा। शोभा यात्रा भीमनगर से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख बाजारों व गली कूंचो से निकाली गई। अनुयाइयों ने जगह जगह शोभा यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। आंबेडकर पार्क पर शोभा यात्रा संपन्न हुई। आंबेडकर जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष आनंद प्रिय विद्यार्थी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

शिलप्रिय विद्यार्थी, शेर सिंह एडवोकेट, रामजीलाल, एमपी सिंह, भगवान स्वरूप, रक्षपाल सगर, रामचंद्र, रामेश्वर दयाल जाटव, बृजेश सिंह, आरसी राना, बृजेश कुमार गौतम, होशिया सिंह निमेष, विशाल सागर, योगेंद्र कुमार, अश्वनी कुमार, केपी सिंह, देवेंद्र कुमर पुष्कर, राजीव सिंह मौजूद रहे। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस एवं पीएसी के जवान तैनात रहे।


निकाली गई शोभायात्रा का शुभारंभ कराते रामजीलाल विद्यार्थी, राजवीर साहू।

### डीएम ने कलेक्ट्रेट पर व सीडीओ ने विकास भवन में प्रतिमा पर चढ़ाए पुष्प



**कासगंज।** भारतीय संविधान के निर्माता, भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेकर की जयंती पर कलक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डीएम सुधा वर्मा ने डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। समाज में समानता एवं समरसता स्थापित करने में अपना पूरा जीवन समर्पित करने वाले बाबा साहब के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया। एडीएम राकेश पटेल सहित कलक्ट्रेट कर्मी मौजूद रहे। सीडीओ सचिन ने विकास भवन सभागार में संविधान निर्माता डा भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

### डॉ. आंबेडकर के बताए मार्गों पर चलने का लिया संकल्प

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- जिलेभर में धूमधाम से मनाई गई बाबा साहेब की जन्मजयंती
- जगह जगह काटा गया केक, चित्र पर किया गया माल्यार्पण

**अमृत विचार :** डॉ. भीमराव आंबेडकर की 133वीं जन्मजयंती जिले भर धूमधाम से मनाई गई। जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित कर उनकी जयंती मनाई गई और केक काटा गया। साथ ही बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण हुआ और जगह-जगह प्रभात फेरी निकाली गई। उनके अनुयाइयों ने बाबा साहब को याद किया और उनके बताए हुए मार्गों पर चलने का संकल्प लिया।

शहर के सोरों गेट स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर पार्क में सुबह अनुयाइयों ने बाबा साहेब के चित्र पर मल्यार्पण कर भव्य प्रभात फेरी निकाली। आवास विकास, अशोक नगर, मुहल्ला नवाब, बारहद्वारी, बिलराम गेट, गांधी मूर्ति, मुहल्ला मोहन, सहावर गेट, गंदा नाला, सिटी मुहल्ला होते हुए यात्रा का समापन आंबेडकर पार्क पर हुआ। यहां आनंद प्रिय विद्यार्थी, विशाल कुमार, नंद किशोर, रामदास विजय, रामजीलाल, केपी सिंह, चरन सिंह, योगेंद्र कुमार, गौरव कुमार, मोहन लाल सागर, अरविंद, सोनू, मोनू, सुबोध, अनुज कुमार, डीपी सिंह राना, शील प्रिय विद्यार्थी, अनिल बघेल, शिक्षक राजवीर गौतम मौजूद रहे। वहीं गांव नदरई में डॉ. आंबेडकर की प्रभात फेरी निकाली गई। यहां गंगा सिंह वर्मा, सत्येंद्र शर्मा, सुनील कुमार, राजराम, विपिन मौजूद रहे।

आंबेडकर पार्क भाजपा जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी, भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष डीएस लोधी एवं अन्य कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। शहर के अशोक नगर में बाबा साहब का 133वां जन्मदिवस मनाया गया, केक काटा गया। इस दौरान राजकुमा जाटव, आशाराम, महाराज सिंह, कालीचरन, रामनाथ पुष्कर, नंदपाल, वेदराम, नेत्रपाल, वीरेंद्र सिंह मौजूद रहे। शहर के अशोक नगर स्थित स्वास्थ्य केंद्र पर डा. भीमराव आंबेडकर का जन्मोत्सव मनाया गया। इस मौके पर संजीव कुमार, नीरज, विपिन, अंजुल, मीरा, सुमन, सरोज, हिमांशू, गनेश, डा. मोहित कुमार, पीके राजपूत मौजूद रहे। आम आदमी पार्टी द्वारा शहर के अशोक नगर स्थित शिक्षक प्रकोष्ठ कार्यालय पर डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई गई।


अशोक नगर में बाबा साहेब की जयंती पर निकाली गई प्रभात फेरी में शामिल लोग।


बाबा साहेब की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते लोग।




# छाए काले बादल, किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** मौसम में बदलाव के बाद इन दिनों गेहूं कटाई के कार्य में तेजी आ गई है। परिवार सहित किसान फसलों की कटाई में जुटे हुए हैं। कहीं मजदूरों की सहायता से, तो कहीं हार्वेस्टर मशीन से गेहूं कटाई का कार्य किया जा रहा है। हालांकि मजदूरों की कमी के कारण किसानों को परेशान होना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि शादी-ब्याह का दौर चलने के कारण मजदूर नहीं मिल रहे हैं। अब मौसम की अनुकूलता भी कम हो रही है। किसानों का कहना है कि मौसम की दगाबाजी के चलते इस बार गेहूं उत्पादन कम ही रह सकता है।



- गेंहू की फसल की कटाई में जुटे किसान
- मौसम के बदलते मिजाज से बढ़ सकती है मुसीबत

शनिवार की शाम से ही मौसम को लेकर अलर्ट जारी हो गया। शाम को तेज हवाएं चल रही थी। बार-बार काले बादल छा रहे थे। देर रात ठंडी हवा चली। रविवार सुबह काली घटा छा गई। देर तक सूर्य के दर्शन नहीं हुए। काफी चिंता किसानों की बढ़ गई। किसान फसलों की कटाई में जुटे रहे।

# नदियों के संरक्षण में निषाद समाज का बड़ा योगदान

संवाददाता, सोरोंजी

- धूमधाम से मनाई निषादराज जयंती, हुए कार्यक्रम
- गंगा समग्र के तत्वावधान में कराया गया आयोजन

**अमृत विचार:** निषादराज जयंती सोरों में धूमधाम से मनाई गई। गंगा समग्र के तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित हुए। सोरों शूकर क्षेत्र में गंगा यज्ञशाला पर कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में निषाद समाज के लोगों ने भाग लिया। निषाद राज के चित्र के सम्मुख दीपार्चन तथा माल्यार्पण के बाद कार्यक्रम शुरू हुआ। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा अयोग के सदस्य डॉ. राधाकृष्ण दीक्षित ने कहा कि निषाद समाज का नदियों के संरक्षण में बहुत बड़ा योगदान रहा है।

उन्होंने कहा कि उनकी पीढियां पवित्र गंगा नदी सहित अनेक नदियों के किनारे ही बीत गई। प्रभु श्री राम को नदी से पार करने का काम भी निषाद राज ने किया था। यह प्रसंग भारतीय संस्कृति में एक उदाहरण है। जब 14 वर्ष का बनवास पूरा करके भगवान राम अयोध्या वापस आए तो उनका राजतिलक किया जा रहा था उस समय उनके मंत्रियों ने भगवान राम से पूछा कि आप अपने किन-किन मित्रों को अपने राज तिलक में बुलाना चाहेंगे। भगवान राम ने कहा कि मैं अपने अभिन्न मित्र निषाद राज को बुलाना चाहूंगा। यदि वह मेरे राजतिलक में उपस्थित होंगे वह मेरे लिए बहुत ही हर्ष की बात होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे निषाद समाज के पूरणमल कश्यप ने कहा कि आज समाज की जागरूकता के कारण निषाद समाज के योगदान को लोग समझ रहे हैं और हमारा समाज तो सदैव प्रभु राम के स्वामित्व और आशीर्वाद के साथ रहा है। गंगा समग्र के विभाग प्रमुख अशोक तोमर ने निषाद राज के जीवन पर प्रकाश डाला। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर संघ चालक एनपी सिंह हल्दिया, नगर कार्यवाह अमित अग्रवाल ने भी अपने विचार रखे। इस दौरान प्रांतीय सदस्य हेमेंद्र शास्त्री, ज्ञानेश शर्मा, मोहित साहू, मनोज वशिष्ठ, यशोधर रावत, शिवचरण, पंडित दिलीप शास्त्री, ब्रह्मा शंकर मौर्य ,मनोज कश्यप, सोनू कश्यप, अमित गुप्ता, मनोज कश्यप, सोनू कश्यप, अमन कश्यप, सतीश कश्यप आदि रहे।


निषादराज जयंती पर विचार गोष्ठी को संबोधित करते उच्च शिक्षा आयोग के सदस्य डॉ. राधाकृष्ण दीक्षित। • अमृत विचार




# न्यायिक सेवा को बनाया लक्ष्य, पाई सफलता

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- शहर के माध्यम वर्गीय परिवार की बेटी ने न्यायिक सेवा में पाई सफलता


रश्मि सिंह

**अमृत विचार:** बचपन से ही पढ़ने में तेज और व्यवहार कुशल बिटिया ज्ञान की देवी ही नहीं है, बल्कि न्याय की प्रतिमूर्ति भी बन गई है। अपनी प्रतिभा और हौसले के चलते उसने बड़ा मुकाम हासिल कर लिया। पिछले साल पीसीएस जे की परीक्षा करने वाली इस बिटिया की ट्रेनिंग पूरी हो गई है और अब उन्नाव में उसे तैनाती मिल गई है। अब यह बिटिया अन्य लोगों के लिए प्रेरणास्रोत बनी हुई है।

सहावर गेट स्थित नई हवेली की रहने वाली मध्यमवर्गीय परिवार की रश्मि सिंह ने पिछले साल 30 अगस्त को पीसीएस जे की परीक्षा में सफलता हासिल की। पहले ही प्रयास में पीसीएस (जे) में सफलता पाई है। यही नहीं वह टॉप 10 में भी तीसरे नंबर पर रही। शहर के श्रीमती द्रौपदी देवी जादू बालिका इंटर कॉलेज से हाईस्कूल उत्तीर्ण किया। यहीं से वर्ष2014 में इंटरमीडिएट में टापर रहीं रश्मि ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) से वर्ष 2020 में एलएलबी की है। उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा 2022 में उन्होंने प्रयास किया और सफलता हासिल कर ली। रश्मि सिंह के पिता नरेंद्र कुमार व्यापारी हैं।

### किसी से कम नहीं हैं बालिकाएं

रश्मि ने कहा है की बालिकाएं किसी से काम नहीं हैं। किसी भी क्षेत्र में वह मुकाम हासिल कर सकती हैं। इसके लिए सिर्फ उन्हें लक्ष्य तय करना है और लक्ष्य के साथ ही वह सफलता की ओर आगे बढ़ सकती हैं। प्रत्येक किछात्रा को अपना एक उद्देश्य तय करना चाहिए।




# मंदिरों में गूंजे घंटे, सुनाई देते रहे माता के जयकारे


शहर के चामुंडा मंदिर में पूजा के लिए हवन कुंड में आहुतियां देते श्रद्धालु। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- नवरात्र पर्व के छठवें दिन हुई मां कात्यायनी की पूजा-अर्चना
- हाथों में पूजा का थाल लेकर मंदिरों में पहुंचे श्रद्धालु

**अमृत विचार :** नवरात्रि पर्व की हर जगह धूम मची हुई है। ब्रह्म मुहूर्त के साथ ही श्रद्धालु देवी मंदिरों में पहुंचना शुरू हो जाते हैं। हाथों में पूजा की थाली और जल कलश के साथ श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा है। माता चामुंडा मंदिर, मां शीतला देवी मंदिर, शांतापुरी स्थित माता काली मंदिर पर भक्तों का तांता दिन भर लगा रहता है। इसके अलावा अन्य देवी मंदिरों पर भी भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है। भक्तों ने शुक्रवार को माता के छठे स्वरूप कात्यायनी का स्मरण कर व्रत रख पूजा अर्चना की।

सोरों में मां के छठे स्वरूप माता कात्यायनी की तीर्थनगरी के देवी मंदिरों में भक्तों ने विधिविधान पूर्वक पूजा-अर्चना की। माता को शीश नवाकर मन वांछित फल मांगा। सिद्धपीठ बटुकनाथ, ग्राम्य देवी, नवदुर्गा, कालिका माता, हर सिद्धी माता, पंच महाशक्ति मैया, भादवा माता आदि मंदिरों में भक्त बड़ी संख्या में मातारानी के पूजन के लिए पहुंचे। अमांपुर में नवरात्र के मौके पर मंदिरों में छठवीं देवी कात्यायनी की पूजा-अर्चना की गई। इधर, देहात क्षेत्र के मंदिरों में पूजा-अर्चना के कार्यक्रमों की धूम रही। मंदिरों में भक्तजन ढोलक व मंजीरों की थाप पर झूमते नजर आए। नवरात्र के मौके पर श्रद्धालु देवी दर्शन के लिए रामघाट, राजघाट, नरौरा, बेलौन आदि तीर्थस्थानों पर पहुंच कर रहे हैं। देवी दर्शन के लिए नवमी तक श्रृद्धालुओं की भीड़ रहेगी। दरियावगंज में नवदुर्गा के अवसर पर कस्बा के चामुंडा मंदिर पर छठी देवी कात्यायनी की पूजा-अर्चना की गई। भक्तों ने मंदिर में परिवार के कल्याण के लिए पूजा की और प्रसाद वितरित किया।

### आज होगी सातवें स्वरूप की पूजा

मां दुर्गा की सातवीं स्वरूप मां कालरात्रि तीन नेत्रों वाली देवी हैं। मां कालरात्रि की पूजा-आराधना से भय और रोग का नाश होता है। साथ ही भूत प्रेत, अकाल मृत्यु, रोग, शोक आदि सभी प्रकार की परेशानियां भी समाप्त हो जाती हैं। मां कालरात्रि को गुड़ या गुड़ से बनी चीजों का भोग लगाने से धन-धान्य, यश-वैभव की प्राप्ति होती है।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



ISO:9001:2008 एवं Trademark Certified Clinic

डा. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.F.R.H.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्वास्थ्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
- रजि. भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त
- 27 सालों से स्वास्थ्य एवं गुप्त रोगों का चिकित्सा अनुभव

पतले दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री/पुरूष तंदरूस्ती प्राप्त करें।
मोटे होने का रामवाण इलाज
नवयुवक-युवतियां 3 से 4 इंच तक लम्बाई बढ़ायें
विशेष चिकित्सा:- ●भूख न लगना ● कब्ज ●अपच ●गैस ● खाने के बाद शौचालय जाना ● शारीरिक अंगों का विकास रूकना ● पुलिस फोर्स एवं फिल्मों में आदि में भर्ती में नाप-तोल में कमी होना ● 3 से 4 इंच कद लम्बा करें। ● बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना मोटे व थुल-थुले व्यक्ति वजन कम करें। ● कील, मुंहासे, झाइयां, सफेद दाग दूर करें सावलांपन हटायें और सुन्दर बनें। ● बालो का झड़ना व टूटना एवं सफेद होना व गंजापन दूर करें। ● खूनी व वादी बवासीर का रामबाण इलाज।
शराबी को बिना लाये, बिना बताये शराब व अन्य नशा छुड़ायें।
नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनायें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
सैक्स समस्याऐं
छिपाएं नहीं बताएं या मिलें
स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी
- शुरू से लाभ, 40 से 80 दिनों में इलाज सम्भव।
- हस्तमैथुन व धात जाने से नसों में खराबी।
- इन्द्री का ढ़ीलापन, पतलापन, छोटापन दूर करें।
- वीर्य में शुक्राणु निल होना या कम होना।
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसौली होना।
- योनि का ढ़ीलापन होना व सैक्स इच्छा कम होना।
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र पहले बन्द होना।

Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
10 से 21 वर्ष शादी से पहले जिन बच्चों की इन्द्री का छोटापन, पतलापन, मोटापन का रामबाण इलाज के लिए उन माता-पिता से निवेदन है कि अवश्य मिलें। कहीं ऐसा न हो कि शादी के बाद पछताना पड़े। (25 वर्षों का अनुभव)
विज्ञापन साथ लाने पर मेडिसिन पर 10% की विशेष छूट
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक:- 21 अप्रैल 2024, रविवार
05 मई 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

## शहर में आज

- जिले में देवी मंदिरों में माता के चौथे स्वरूप मां कालरात्री की पूजा अर्चना सुबह पांच बजे से।
- लोकसभा चुनाव को लेकर कलक्ट्रेट पर नामांकन प्रक्रिया सुबह 10 बजे से।
- नौ कुंडीय यज्ञ गंजडुंडवारा के पंचायतीराज बाग में सुबह 10 बजे से।
- श्रीमद भागवत कथा का वाचन कस्बा अमांपुर के जवाहर नगर में दोपहर तीन बजे से।
- शहर के बिलराम गेट स्थित पथवारी माता मंदिर महिलाओं द्वारा माता के छंद शाम छह बजे से।

## एक नजर

### पटियाली पुलिस ने दो वारंटी किए गिरफ्तार

**कासगंज।** जिला पुलिस ने न्यायालय से फरार चल रहे दो वारंटियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। सीओ विजय कुमार राणा ने बताया कि पटियाली पुलिस द्वारा वारंटी पिंकी निवासी ग्राम टपरी थाना पटियाल एवं गंजडुंडवारा पुलिस द्वारा अमरान निवासी ग्राम सुजावलपुर थाना गंजडुंडवारा को गिरफ्तार किया है। दोनों वारंटियों को पूछताछ के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया है। जहां से अग्रिम कार्यवाही की गई है।

### लोस चुनाव के दृष्टिगत हुई वाहनों की चेकिंग

**कासगंज।** एसपी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत यातायात प्रभारी लक्ष्मण सिंह द्वारा जिले में वाहन चेकिंग अभियान चलाया। यातायात प्रभारी ने मोडिफाइड साइलेंसर, जाति सूचक, संप्रदाय सूचक चित्र, दोपहिया वाहन पर तीन सवारी, बिना हेलमेट ना लगाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए 150 वाहनों के चालान व एक वाहनों को सीज किया गया। तथा वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की चेतावनी दी गई।

### आपात स्थिति से बचाव की दी गई जानकारी

**जलेसर :** अग्निशमन एवं आपात सेवा के द्वारा अग्निशमन सप्ताह के अंतर्गत चलाए जा रहे अभियान के तहत नगर के प्रमुख बाजारों एवं मोहल्ले में आपात स्थिति से बचने के लिए जानकारी दी। वहीं विभाग से प्राप्त पत्रको का वितरण किया गया। तहसील क्षेत्र के लिए नवनिर्मित अग्नि शमन कार्यालय में प्रमुख रामवीर सिंह ने बताया कि विभाग के द्वारा जलेसर में ही सभी व्यवस्थाएं कर दी गई हैं कोई भी सुविधा से बचने के लिए पत्रक में दिए गए सुझावों का प्रयोग करें वही आपात सेवा के लिए बने 101 एवं 112 के साथ-साथ 9568 53 7788 पर संपर्क कर सकते हैं ताकि आपात स्थिति में तत्काल सेवा मिल सके।

# धड़ल्ले से बिक रहे मिलावटी पदार्थ

## केवल विशेष पर्वों पर ही दिखाई देती है जिम्मेदारों की सक्रियता

संवाददाता, गंजडुंडवारा

**अमृत विचार :** क्षेत्र में खुलेआम लोगों की सेहत से खिलवाड़ किया जा रहा है। दुकानों पर मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। शनिवार रात्रि थाना सुन्नगढी क्षेत्र के रारा गांव निवासी सुल्तान पुत्र नूर मोहम्मद से पक्की रस्म अदा करने कनोई सहावर के लोगों भी पहुंचे थे और इसी दौरान दूषित मिठाई खाने से 11 लोगों की हालत बिगड गई थी। जिसमें कई बच्चे भी शामिल थे। यह मिठाई कस्बे के एक मिष्ठान भण्डार से खरीदी गई थी।

घटना की सूचना पर प्रशासनिक अमला भी मौके पर पहुंचा था और पीडितों का हालचाल जाना था। अब इस घटना के बाद तहसील प्रशासन द्वारा खाद्य एवं औषिधि विभाग के साथ मिलकर क्षेत्र मे सघन जांच अभियान चलाने की बात कही है। वैसे इससे पूर्व मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री के विरुद्ध में विभाग के जिम्मेदार उदासहीन ही नजर आते रहे है।वैसे तो खाद्य विभाग की टीमें होली दीपावली सहित विशेष पर्वो पर तो सक्रिय नजर आती है एवं दुकानो से खाद्य पदार्थों की सैम्पलिंग की जाती है।लेकिन इसके बाद सैम्पलिंग की रफ्तार कम हो जाती है ओर निरंतर कार्रवाई न होने से मिलावटियों के हौंसले पुनः बुलंद हो जाते हैं।जिससे ज्यादातर व्यापारी खुलेआम मिलावट का गोरखधंधा करते दिखाई देते हैं। वैसे भी तहसील एवं कस्बा क्षेत्र मिलवाटी पदार्थों के उत्पादन का हब बना हुआ है।क्षेत्र मे मिलावटी सरसो का तेल, मिठाई, दूध, पनीर, खोया सहित अनेक खाद्यय पदार्थों का उत्पादन गांव-गांव व गली कूचो मे किया जा रहा है।यहाँ से मिलवाटी खाद्य पदार्थों की खेपे आसपास के जनपदो मे भी भेजी जाती है।लेकिन यह गोरखधंधा विभाग के जिम्मेदारो की नाक के नीचे लगातार दिन दूनी चार चौगनी तरक्की कर रहा है। फिर भी विभाग उदासहीन बना हुआ है और कार्यवाही न होने के कारण अवैध मिलावटी खाद्य पदार्थों के उत्पादको के हौसले बुलंद होते जा रहे है एवं धड़ल्ले से इनकी बिकी जारी है।



दूषित मिठाई से बीमार लोगों के परिजनों से मिलते नायब तहसीलदार मुकेश कुमार।

- **दूषित मिठाई खाने से कस्बे में 11 लोगों की बिगड़ी थी हालत**

> जल्द ही तहसील प्रशासन की मौजूदगी मे खाद्य एवं औषिधि विभाग की टीमो द्वारा सैपलिंग हेतु विशेष अभियान चलाया जाएगा और मिलावटखोरो पर कार्यवाही की जाएगी
> – **मुकेश कुमार**, नायब तहसीलदार, पटियाली।

### मुख्तियार स्वीट्स पर की गई छापामार कार्यवाही

मामले में एसडीएम कुलदीप कुमार के निर्देशन में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी आनंद देव ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी अवधेश पाराशर व अपनी टीम व कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार के साथ दुकान पर छापेमार कार्यवाही की है। छापेमारी के समय उक्त दुकान पर गुलजार मिठाई बेचते पाए गए।खाद्य विभाग की टीम द्वारा कई मिठाइयों का सेंपल भी लिया गया। वहीं दुकान में रखे 10 किलो छेने को नष्ट कराया गया है।

# डिप्टी सीएम आज कराएंगे भाजपा प्रत्याशी का नामांकन



नामांकन स्थल के बाहर लगाए गए बैरियर व की गई बेरीकेडिंग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- **नामांकन स्थल पर रहेंगे सुरक्षा के कड़े इंतजाम**
- **अनाधिकृत लोगों का प्रवेश रहेगा वर्जित, रहेगी निगरानी**

**अमृत विचार :** जिले में नामांकन प्रकिया शुरू हो गई है। दो दिन अवकाश के बाद सोमवार को भाजपा प्रत्याशी नामांकन करेंगे। उनका नामांकन कराने के लिए प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक पहुंच रहे हैं। उनके आगमन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गईं हैं। इधर, नामांकन स्थल पर तैयारियां पूर्ण हैं। सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। अनाधिकृत लोगों का प्रवेश पूरी तरह वर्जित रहेगा और यहां कड़ी निगरानी रहेगी।

भाजपा प्रत्याशी राजवीर सिंह राजू भैया सुबह 10 बजे सोरों हरि की पौड़ी से नामांकन के लिए निकलेंगे। लगभग 11 बजे के बाद नामांकन होगा। उस समय तक डिप्टी सीएम बृजेश पाठक भी पहुंचेंगे। इसके अलावा अन्य प्रत्याशी भी नामांकन कर सकते हैं। नामांकन को लेकर कड़े इंतजाम किए गए हैं। कलेक्ट्रेट परिसर में बने नामांकन स्थल पर साज-सज्जा की गई है। मुख्य द्वार पर बैरियर और बेरीकेडिंग की गई हैं। यहां प्रत्याशी और उनके प्रस्तावक भी नामांकन स्थल पर पहुंच पाएंगे। अनाधिकृत लोगों का प्रवेश पूरी तरह वर्जित रहेगा। वहीं डीएम सुधा वर्मा, एसपी अपर्णा रजत कौशिक स्वयं नामांकन की व्यवस्थाओं पर नजर बनाए हुए हैं। इधर डिप्टी सीएम के आगमन को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह दिखाई दे रहा है।

नामांकन के लिए चारों तरफ बैरीकेडिंग व बैरियर लगाए गए हैं। कोई भी व्यक्ति मनमाने ढंग से कलक्ट्रेट परिसर में प्रवेश नहीं कर सकता है। सिर्फ नामांकन खरीदने वाले और नामांकन दाखिल करने वाले उनके प्रस्तावक ही प्रवेश पा सकेंगे। इसके अलावा सीडीओ कार्यालय, बीएसए कार्यालय की ओर से आने वाले रास्ते सील कर दिए गए हैं। नामांकन स्थल पर सुरक्षा का बड़ा घेरा बनाया गया है।

# चैंपियन लीग में गंज ने सोरों को किया परास्त

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- **टीचर्स चैंपियन लीग का किया गया शुभारंभ**
- **सोरों टीम ने पहले बल्लेबाजी का किया था निर्णय**

**अमृत विचार :** गंजडुंडवारा के पीजी कॉलेज में रविवार को बेसिक क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में टीचर्स चैंपियन लीग का आयोजन किया गया। जिसमें सोरों और गंजडुंडवारा के बीच मुकाबला हुआ। सोरों ने पहले टॉस जीतते हुए बल्लेबाजी का निर्णय लिया। गंजडुंडवारा ने सोरों को परास्त कर दिया।

टीचर्स चैंपियन लीग का प्रारंभ अलीम रज़ा ब्लॉकध्यक्ष उत्तरप्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ गंजडुंडवारा ने फीता काटकर किया। सोरों वॉरियर्स के कप्तान अरुण प्रताप ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। कप्तान अरुण प्रताप ने पंकज कुमार और राहुल कुमार को बल्लेबाजी के लिए पिच पर उतारा। पंकज कुमार ने 5 और राहुल कुमार ने 14 रन का योगदान दिया। शिक्षक नरेश पाली 29 और राजकुमार 20 के अलावा कोई भी बल्लेबाज गंजडुंडवारा सुपर किंग्स के गेंदबाजों के सामने नहीं टिक सका। तेजी से रन बनाते हुए सोरों वारियर्स की टीम ने 15 ओवर के मैच में 120/8 रन का स्कोर खड़ा किया। शिवसागर ने 3 और राजेंद्र ने 2 विकेट व अमर वार्ष्णेय ने 1 विकेट लिया। पीछा करने उतरी गंजडुंडवारा सुपर किंग्स की टीम ने अपने तेजतर्रार खिलाड़ी जीत राजपूत और कप्तान दीपक शर्मा के साथ पारी की शुरूआत की। दीपक शर्मा ने 36 और जीत ने 28 रन बनाए। कप्तान दीपक शर्मा के आउट होने के बाद आलराउंडर खिलाड़ी हितेश शर्मा ने अपनी शानदार बल्लेबाजी से सिर्फ 7 ओवर में टीम को जीत दिला दी। उन्होंने 17 बॉल में 4 छक्कों 3 चौकों की मदद से 41 रन बनाए। सोरों वारियर्स का कोई भी गेंदबाज अपना प्रभाव नहीं छोड़ सका।

मुख्य आयोजक गौरव देव, मुकेश कुमार, वसंत सिसोदिया ने मुख्य अतिथि अलीम रजा का फूल मालाओं से स्वागत किया। क्रीड़ा स्थल पर मैच के अंत मे खेल परीक्षक हरिओम परमार ने शिव सागर सक्सेना को मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा। सोनू निगम, मुकेश कुमार, मेराजुद्दीन, सिद्धार्थ, ललित कुमार पंकज, ब्रजेश कुमार, यशपाल सिंह, दिव्यांशु, पुष्पेन्द्र सिंह कुशवाहा सहित तमाम शिक्षक मौजूद रहे।



विजयी टीम के कप्तान को ट्रॉफी देकर सम्मानित करते आयोजक। ● अमृत विचार

## एसपी ने शहर में किया पैदल मार्च

**कासगंज।** एसपी अपर्णा रजत कौशिक द्वारा लोकसभा चुनाव व नवरात्रि के अवसर पर कानून एवं शांति व्यवस्था की दृष्टि से शहर में पैदल मार्च किया गया। एसपी ने शहर के संवेदनशील एवं मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं बाजार में पैदल गश्त कर शांति एवं सुरक्षा का जायजा लिया।

लोगों से वार्ता की गई। आमजन को शांति एवं सुरक्षा का अहसास कराया गया। एसपी द्वारा अधीनस्थों को संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की निरंतर संघन चेकिंग किए जाने एवं अराजक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखे जाने के लिए निर्देशित किया। सीओ अजीत चौहान, इंस्पेक्टर रामवकील सिंह, एसएसआई चंचल सिरोही के अलावा अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# हर्षोल्लास के साथ निकाली द्वारिकाधीश की शोभायात्रा



जलेसर (एटा) अमृत विचार : वार्ष्णेय समाज ने नवदुर्गा महोत्सव के अंतर्गत भगवान द्वारकाधीश की शोभायात्रा को धूमधाम के साथ निकाला। इस शोभायात्रा में भगवान का जगह-जगह स्वागत किया गया और आरती उतारी गई। शोभायात्रा का शुभारंभ भगवान द्वारकाधीश के मंदिर से हुआ और फिर अकबरपुर हवेली, गांधी चैक, नल बाजार, चिंताहरण मंदिर, हथोड़ा, आगरा चौराहा, और महाराणा प्रताप चैक जैसे स्थानों पर पहुंची। शोभायात्रा में कई आकर्षक झांकियां और काली महारानी भी शामिल थीं। शोभायात्रा से पहले, मंदिर द्वारकाधीश में महंत चेतन महाप्रभु द्वारा हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। शोभायात्रा में मंदिर अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह, महामंत्री योगेश प्रताप, विशन वार्ष्णेय अध्यक्ष ललित कुमार, वार्ष्णेय सचिव अवधेश कुमार, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष गौरव वार्ष्णेय और अन्य कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

## धर्म परिवर्तन के बाद युवती की कराई शादी पुलिस जांच में जुटी

**एटा, अमृत विचार :** एक घटना में, धर्म परिवर्तन के बाद एक युवती की शादी का मामला सामने आया है। बागवाला थाना क्षेत्र के बबरौली गाँव के निवासी एक व्यक्ति ने इस मामले की जानकारी दी। उसने बताया कि बबरौती गांव के निवासी अलाउद्दीन पुत्र जमालउद्दीन और एक और व्यक्ति ने पीड़ित की बेटी के साथ छेड़खानी की। मनीषा बेगम ने गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस के अनुसार, पीड़ित की बेटी का धर्म परिवर्तन कराकर उसकी शादी उसके पुत्र के साथ कर दी गई। इस मामले में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर, अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# गेंदा की खेती से महक रही समृद्धि की सुगंध

संवाददाता, मोहनपुरा

- **पूरे वर्ष हर मौसम में उपलब्ध रहता है गेंदा का फूल**
- **पूजन, त्योहार व अन्य आयोजन में रहती है जमकर मांग**

**अमृत विचार :** जनपद में किसान अब परंपरागत खेती से हटकर कुछ अलग करने की मन में ठानकर सफलता का मुकाम हासिल कर रहे हैं। इस तरह न सिर्फ वो अन्य किसानों के लिए एक मिसाल बन रहे हैं अपितु आर्थिक रूप से भी समृद्ध हो रहे हैं।

विकास खंड कासगंज के ग्राम खुर्रमपुर के कुछ किसान पूरे वर्ष गेंदा की खेती करते हैं। गेंदे की खेती की सुगंध से किसानों की समृद्दि के साथ पूरा गांव महक रहा है, साथ ही किसानों की आय में बढ़ोतरी हुई है। गांव के किसान अलग-अलग किस्मों की खेती से पूरे वर्ष गेंदा का फूल उपलब्ध कराते हैं। जिसकी विक्री स्थानीय स्तर के अतिरिक्त प्रदेश के विभिन्न शहरों में करते हैं।

इस समय गर्मी के मौसम में गांव में करीब 15 से 20 बीघे में गेंदा की फसल लगी हुई है। स्थानीय किसानों ने बताया कि दीपावली के समय गांव में करीब 150 बीघे तक गेंदा की खेती की जाएगी। दीपावली हिंदुओं का सबसे बड़ा त्यौहार माना जाता है और इस पांच दिवसीय पर्व पर गेंदा के फूलों की मांग बहुतायत में होती है। साथ ही फूलों की अच्छी कीमत भी मिलती है।

वहीं इस बारे में डॉ पृथ्वीपाल सिंह उद्यान वैज्ञानिक (कृषि विज्ञान केंद्र, मोहनपुरा) बोले इस समय ग्रीष्म कालीन गेंदा की फसल हो रही है जिसमें सिंचाई का विशेष रूप से ध्यान रखना चाहिए।

खेत की नमी के अनुसार हर पांचवें दिन पर सिंचाई करना आवश्यक है जिससे नमी पर्याप्त मात्रा में बनी रहे। समय समय पर कीटनाशक का छिड़काव करें। उधर, रवि चंद्र जयसवाल, जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि शासन द्वारा संचालित योजनाओं के माध्यम से गेंदा की खेती के लिए निःशुल्क बीज उपलब्ध कराया जाता है। साथ ही सब्सिडी द्वारा ड्रिप इरिगेशन की सुविधा भी उपलब्ध की जाती है। इच्छुक किसान इस सेवा का लाभ पाने के लिए कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।



> गांव के लोगों ने गेंदा की खेती करना प्रारंभ किया, उनको देखकर प्रेरणा मिली। अब गांव के बड़ी संख्या में किसान गेंदा की खेती करने लगे हैं। परिवार सहित मेहनत करके अच्छा लाभ कमा रहे हैं। – **विजयपाल**, किसान।



> परंपरागत रूप से खेती करने के बजाय मैंने गेंदा की खेती करने का अभियान शुरू किया। इसमें मेहनत भी खूब करनी होती है। पूरे वर्ष गेंदा की खेती करने से अन्य फसलों के मुकाबले अच्छा आर्थिक लाभ मिलता है।
> – **अतर सिंह**, किसान।

# कांवड़ियों ने सजाया आस्था का दरबार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- **सजने लगीं दुकानें, लोगों में कांवड़ को लेकर खासा उत्साह**

**अमृत विचार :** अक्सर श्रावण मास और शिवरात्री पर्व पर कांवडियों का सैलाब देखने को मिलता है, लेकिन अब रामनवमी पर्व पर भी आस्था की कांवड़ भरने के लिए गंगा घाटों पर श्रद्धालु पहुंचे रहे हैं। गंगाघाटों की ओर से आने वाले कांवड़िए हर हर महादेव, बम-बम भोले, जय माता दी के जय घोषों सें राहों को भक्तिमय में बनाए हुए हैं। कांवड़ियों के जत्थों में पुरुषों के साथ महिल श्रद्धालु भी बढ़-चढ़कर सहभागिता कर रही है।

आसपास क्षेत्र के श्रद्धालु गंगाजल भरने के लिए गंगातटों पर पहुंच चुके है। वहीं लोगों में कांवड़ को लेकर खासा उत्साह है। बाजारों में रौनक बढ़ गई है। पूजा साम्रगी व कांवड़ के सामान की दुकाने सजी हुई है। जगह-जगह कांवड़ लेने जाने वाले भक्त खरीदारी करते दिखाई दे रहे है। रामनवमी को लेकर शहर में बम-बम भाले की गूंज सुनाई देने लगी है। लहरा गंगा घाट से श्रद्धालु कांवड़ भरकर ले जा रहे हैं। सड़कों पर गंगाजल लेकर बाबा भोले का जयकारा लगाते हुए पैदल जा रहे हैं।

**आस्था की राह पर चुभ रहे कंकड़, पत्थर :** श्रद्धालु कछला गंगाघाट से जल भरकर अपने गंतव्य को प्रस्थान कर रहे हैं, लेकिन उनकी डगर आसान नहीं है। कई मार्ग की सड़क उखड़ी हुई है। सड़क पर बिखरे पत्थरों से शिव भक्त गुजर रहे हैं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा एक भूखण्ड नं 28, श्रेणी C, क्षेत्रफल 88.40 वर्गमीटर, नर्मदा इन्क्लैव सेक्टर-2 रामगंगा नगर बरेली में है। घर से बाहर जाते समय उक्त भूखण्ड का आवंटन पत्र कहीं खो गया है। जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिला है। **चन्द्रपाल गुप्ता निवासी उत्कर्ष 16 महानगर कालोनी, बरेली। मो. 8218854994**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# छुट्टा जानवर के हमले से किसान की मौत



**जलेसर, अमृत विचार :** जलेसर क्षेत्र के ग्राम गुदाऊ बंबा के निकट, ग्राम नगला वीरी के निवासी नरेंद्र सिंह (60) की आवारा जानवर के हमले में घायल होने से मौत हो गई। ग्रामीण की मौत से उसके परिवार में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार नरेंद्र सिंह बीती रात्रि में करीब 8:30 बजे अपने खेत के गेहूं निकलवा कर अपने आवास की ओर बाइक से लौट रहे थे। इस बीच, एक आवारा सांड ने हमला बोल दिया, जिससे नरेंद्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों की जानवर के हमले की सूचना पर मौके पर पहुंचे। जिसके बाद ग्रामीण की मदद से उन्हें इलाज के लिए आगरा ले जाया गया, लेकिन वहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। ग्रामीण की मौत से उनके परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव नगला वीरी में किया गया। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना गांव में शोक का माहौल बना दिया है। वहीं स्थानीय अधिकारियों ने घायल किसान के परिजनों के साथ संवेदना जताई है।

# नाले की गंदगी व कीचड़ युक्त पानी से जीना मुहाल

## राह से निकलना दूभर, आंबेडकर पार्क के बाहर जमा गंदगी व जलभराव को देख आक्रोशित लोगों ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** रविवार सुबह शहर के सोरों गेट क्षेत्र में नाला चौक हो जाने से लोगों को अव्यवस्था का सामना करना पड़ा। नाले, नालियों का पानी कीचड़ सहित बाजार की सड़कों पर जमा हो गया। जिससे राह निकलना दूभर हो गया। डा. आंबेडकर की जयंती पर पार्क में साज-सज्जा की गई, लेकिन इस पार्क के सामने जलभराव गंदगी को लेकर अनुयाइयों में आक्रोश पनप गया। भाजपा नेता और एसडीएम सदर मौके पर पहुंचे। पंपिंग सेट लगाकर पानी निकलवाया तब कहीं जाकर आक्रोश शांत हुआ।

सुबह सोरों गेट आंबेडकर पार्क के समीप से गुजरने वाला नाला उफन रहा था। थोड़ी देर बाद इस नाले का पानी बढ़ता ही गया और फिर कीचड़ युक्त पानी सड़कों पर बहने लगा। जिससे राह निकलना मुश्किल हुआ। इधर आंबेडकर पार्क में बाबा साहब की जयंती मनाई जा रही थी। पार्क के सामने कीचड़युक्त पानी जमा हो गया। जहां से दुर्गंध उठ रही थी। वैसे तो क्षेत्र के लोगों में इस अव्यवस्था को लेकर आक्रोश था, लेकिन बाद में डा. भीमराव आंबेडकर के अनुयाइयों में भी आक्रोश भड़क गया। सूचना पर भाजपा जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी, भाजपा नेता डीएस लोधी मौके पर पहुंचे और अधिकारियों को अवगत कराया। एसडीएम संजीव कुमार भी मौके पर पहुंच गए। पालिका की टीम को बुलाया और सफाई का कार्य शुरू कराया। पंपिंग सेट लगाकर पानी निकलवाया और नाले की सफाई कराई। लगभग चार घंटे की मशक्कत के बाद पानी की निकासी हुई।



सोरों गेट बाजार में नाला चौक होने के बाद सड़क पर आया कीचड़ युक्त पानी।



नाला चोक होने पर आंबेडकर पार्क के बाहर हुए जलभराव और गंदगी को लेकर आक्रोश जताते आंबेडकर के अनुयायी। ● अमृत विचार

> नाले में गंदगी हो जाने के कारण पानी सड़कों पर आ गया था। तत्काल पालिका की टीम बुलाकर सफाई कराई गई और समस्या का प्राथमिकता से निस्तारण करा दिया गया। – **संजीव कुमार**, एसडीएम।

**नाले में उतारे गए कर्मचारी:** सफाई के लिए पालिका के कर्मचारी नाले में उतारे गए। कर्मचारियों ने स्वयं नाले में घुसकर सफाई की। वहीं एसडीएम के नेतृत्व में निगरानी कर रही टीम ने जेसीबी बुलाकर नाले की सफाई कराई। लोगों को काफी समस्या का सामना करना पड़ा।



नाले की सफाई कराते पूर्व पालिकाध्यक्ष राजेंद्र बौहरे।



सोरों गेट पर नाला चोक होने की जानकारी पर पहुंचे एसडीएम संजीव कुमार। ● अमृत विचार

**क्या बोले लोग:** इलाके में रहने वाले करन यादव ने बताया कि सोरों गेट क्षेत्र में आए दिन नाला उफनता है। जिससे अव्यवस्था होती है और गंदगी सड़कों पर जमा होती है। वहीं विनोद कुमार का कहना है कि इस ओर पालिका को ध्यान देना चाहिए। नाले की सफाई नहीं होती है। प्राथमिकता के साथ सफाई कराई जाए। उधर गंदगी से परेशान क्षेत्रीय निवासी महमुद्दीन ने बताया कि कई बार शिकायतों के बावजूद भी इस ओर ध्यान नहीं दिया जाता है। आखिर कब तक समस्या का सामना करना पड़ेगा। दूसरी ओर आनंद प्रिय विद्यार्थी ने कहा कि आंबेडकर जयंती के अवसर आंबेडकर पार्क के बहार इस तरह की अव्यवस्था ने पालिका के विकास कार्यों की पोल खोल दी है।

# उच्च न्यायालय ने दिए न्यायिक अधिकारियों को चार्ज लेने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय सत्य प्रकाश और अपर जिला जज सुनीत चंद्र का हुआ ट्रांसफर

**अमृत विचार :** उच्च न्यायालय प्रयागराज ने तबादला आदेश जारी कर न्यायिक अधिकारियों को चार्ज लेने का निर्देश दिया है। आज से कुछ अन्य न्यायिक अधिकारी अपना चार्ज लेंगे।

अपर सत्र न्यायधीश सुनीत चंद्र (सोनू) का ट्रांसफर गौतम बुद्ध नगर कर दिया। गोरखपुर से आ रहे मित्र पाल सिंह को प्रधान न्यायधीश कुटुंब न्यायालय बनाया गया है। प्रधान न्यायधीश सत्य प्रकाश को मिर्जापुर जिले में (एमएसीटी) का न्यायधीश बनाया गया है। झांसी से आ रहे अपर सत्र न्यायधीश सुयाश प्रकाश श्रीवास्तव डकैती कोर्ट के न्यायाधीश बने हैं। वह न्यायाधीश इस्त्याक अली की जगह लेंगे। जज इस्त्याक अली को विशेष न्यायधीश एससीएसटी बनाया गया है। एससीएसटी के न्यायाधीश उदय भान सिंह को जौनपुर में इसी पद पर भेजा गया है।

लखनऊ में विशेष न्यायाधीश (एंटी कारप्शन ) रहीं रेखा शर्मा को अपर जिला जज बनाकर भेजा गया है। जिला सहारनपुर देवबंद में अपर जिला जज रहीं निधि भी अपर जिला जज बनी हैं। मिर्जा जीनत अपर जिला जज को महिलाओं के विरुद्ध अपराध का विशेष न्यायाधीश बनाया गया है। सीजेएम मोहम्मद साजिद की जगह रमाबाई नगर से आ रहे सिविल जज सीनियर डिविजन मोहम्मद तौशिफ रजा सीजेएम बनाए गए हैं। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रियंका कुमारी की जगह रिचा शर्मा को बनाया गया है।

अपर सिविल जज जूनियर डिविजन रोहिणी उपाध्याय न्यायिक मजिस्ट्रेट बनी हैं। जो राखी भदौरिया की जगह लेंगी। न्यायिक मजिस्ट्रेट राखी भदौरिया को अपर सिविल जज जूनियर डिविजन बनाया गया। स्मृद्धि मिश्रा अपर सिविल जज जूनियर डिविजन को न्यायिक मजिस्ट्रेट फर्स्ट पंकज कुमार पांडेय की जगह लेंगी। न्यायिक मजिस्ट्रेट पंकज कुमार पांडेय को मनाली चंद्रा की जगह सिविल जज जूनियर डिविजन बनाया गया। जूनियर डिविजन मनाली चंद्रा का ट्रांसफर जिला सुल्तानपुर हुआ है।

# बैकुंठ धाम वाहन का किया लोकार्पण

संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** सामाजिक सरोकारों की संकल्प यात्रा में जनपद के ब्राह्मण समाज ने सर्व समाज जन सेवार्थ हेतु बैकुंठ वाहन समर्पित किया है।

मुख्य अतिथि अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित त्रिभुवन शर्मा द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर नारियल फोड़ कर वाहन का लोकार्पण किया गया। मुख्य अतिथि पंडित त्रिभुवन शर्मा ने कहा कि सबका हित करना और परोपकार करना ब्राह्मण समाज की पहचान रही है और जनपद का ब्राह्मण समाज पूरे प्रदेश में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। महामंत्री अजय मिश्रा एवं जिला अध्यक्ष अश्वनी भारद्वाज ने बताया कि नगर के ब्राह्मण समाज के लोगों से धनराशि एकत्र कर एक स्वर्ग वाहन तैयार कराया है। जिससे अब किसी को भी शव को कछला घाट ले जाने या मुक्तिधाम ले जाने में समस्या नहीं होगी। जिला प्रवक्ता आयुष भारद्वाज ने बताया कि बैकुंठ वाहन के लिए किसी भी समय संपर्क किया जा सकता है। इस मौके पर अध्यक्ष कौशल आनंद उर्फ लालन पांडेय, बरेली के जिलाध्यक्ष गजेंद्र पांडे, कौशल सारस्वत, जिला महामंत्री महेश पाठक, समिति समन्वयक रमेश तिवारी,अजय मिश्र, ब्रज क्षेत्र मंत्री रजनी मिश्रा, नत्थू लाल पाराशरी, सुरेंद्र उपाध्याय, डॉ. उमेश गौड़, डॉ. भास्कर शर्मा, डॉ. अक्षत अशेष, विवेक शर्मा आदि रहे।



ब्राह्मण समाज के बैकुंठ धाम वाहन का लोकार्पण करते पंडित त्रिभुवन शर्मा।

# रिश्ता टूटने पर युवती का अश्लील फोटो किया वायरल

**बरेली, अमत विचार :** प्रेमनगर निवासी युवती का रिश्ता टूटने पर युवक ने अश्लील फोटो वायरल कर दिया। युवक उसे ब्लैकमेल करता रहा। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान के आदेश पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। युवती के मुताबिक 2 साल पहले बदायूं के बिल्सी निवासी मनीष माहेश्वरी से उसकी शादी तय हुई थी। इसके बाद दोनों मिलने-जुलने लगे। युवती का आरोप है कि इसी दौरान मनीष ने उसका अश्लील फोटो खींच लिया। जबकि शादी टूटने के बाद मनीष ने उसका अश्लील फोटो अपने दोस्त अनुराग को भेज दिया था।

# शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़, एक तस्कर गिरफ्तार

संवाददाता, एटा

- 7 तमंचे, 1 रायफल और शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद

**अमृत विचार :** अवैध असलहा तस्करों के खिलाफ जनपदीय पुलिस की कार्रवाई निरंतर जारी है। इसी क्रम में थाना नयागांव के एक गांव से भारी मात्रा में शस्त्र और असलहा बरामद किए गए। साथ ही पुलिस ने शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया है।

जानकारी के मुताबिक अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय सिंह कुशवाह ने बताया कि गत 13 अप्रैल की रात्रि में, गांव रामनगरिया के पास नयागांव थाना पुलिस द्वारा एक असलहा तस्कर को गिरफ्तार किया गया। उसे 7 तमंचे 315 बोर, 1 रायफल अधबनी, 1 जिंदा कारतूस 315 बोर और शस्त्र बनाने के भारी उपकरणों के साथ पकड़ा गया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्त का नाम विजय सिंह पुत्र सियाराम निवासी बघौली थाना जैथरा है, जो बघौली गांव में निवास करता है। उन्होंने बताया कि तस्कर को अवैध शस्त्र फैक्ट्री का संचालन करते हुए गिरफ्तार किया गया है।

साथ ही उन्होंने कहा कि जनपद में अवैध शस्त्र बनाने वाले लोगों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। हमारी पुलिस उनके खिलाफ निरंतर कार्रवाई जारी रखेगी।

उन्होंने बताया कि इस कार्रवाई के लिए पुलिस टीम के सदस्यों को बड़ी सराहना मिली है। इसमें थानाध्यक्ष रितेश ठाकुर, अन्य सहायक अधिकारी और टीम के सदस्य शामिल हैं। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा ने टीम के उत्साहवर्धन के लिए नकद 10000 रुपये का पुरस्कार घोषित किया है। यह प्रशंसा उनके प्रयासों को सराहनीय बनाती है।



शस्त्र फैक्ट्री के आरोपित के बारे में जानकारी देते हुए एएसपी धनंजय सिंह कुशवाह।

**जयंती समारोह** — संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर लोगों ने किया नमन

# बाबा साहेब भारत के साथ दुनियाभर के लिए प्रेरणाश्रोत

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार :** बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर को समर्पित, जिसके रहते उन्होंने अपने अद्भुत योगदान के माध्यम से भारतीय समाज को एक नई दिशा दी। उन्हें भारतीय संविधान के जनक के रूप में स्वीकार किया जाता है और उन्हें विश्व के प्रथम विद्वान माना जाता है। बाबा साहब भारत के साथ दुनियाभर के लिए प्रेरणाश्रोत हैं। यह बातें डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा नेता ने कही। उन्होंने कहा कि उन्हें विश्व रत्न के लिए सम्मानित किया जाना चाहिए। बता दें कि बाबा साहब की जयंती के अवसर पर जिले में रविवार को उनकी विभिन्न विशाल प्रतिमाओं के पास उनके अनुयायियों द्वारा समारोहों का आयोजन किया गया। साथ ही लोगों ने उन्हें याद किया।

गौरतलब है कि सिरांव गांव में आयोजित समारोह भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं अखिल भारतीय सनातन परिषद के प्रदेश संगठन महामंत्री राजू आर्य, निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष राकेश कुमार कश्यप, और विश्व प्रसिद्ध सर्जन डॉ. रविन यादव जैसे प्रमुख अतिथियों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। साथ उनके विचारों से अन्य लोगों को अवगत कराया। समारोह में राजू आर्य ने कहा- बाबा साहब भारतीय संविधान के जनक होने के साथ ही दलितों और पिछड़ों के मसीहा भी थे। उन्होंने हमें समाज में आरक्षण के तहत विकासन्मोखी अधिकार प्राप्त करने की आजादी दिलाई। राकेश कुमार कश्यप ने बाबा साहब की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा की और कहा, उन्होंने विश्व के प्रथम विद्वान, सामाजिक समता के अमर नेता, प्रख्यात न्यायविद्, दार्शनिक, मानव विज्ञानी, इतिहासकार, और अर्थशास्त्री के रूप में अपना योगदान दिया। इस समारोह में उपस्थित अतिथियों को माल्यार्पण किया गया और आयोजन समिति ने उन्हें शॉल पहनाकर अभिनंदन किया। कार्यक्रम में विभिन्न समाज सेवकों और स्थानीय नेताओं ने भी भाग लिया।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद अतिथियों का शॉल उढ़ाकर स्वागत करते कार्यकर्ता।

## केक काटकर मनाई बाबा साहेब की जयंती

**एटा, अमृत विचार** : 14 अप्रैल 2024 को, भारत रत्न और ज्ञान के प्रतीक, बोधिसत्व बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के 133वे जन्म दिवस का आयोजन ग्राम सामंत खेड़ा और पिपहरा (नगर बसुन्धरा) में किया गया। इस खास मौके पर, ग्राम सामंत खेड़ा और पिपहरा के लोगों ने केक काट कर जन्मोत्सव का आयोजन किया और उपस्थित लोगों को संबोधित किया। मुख्य अतिथि के रूप में, राजू राम रतन, प्रधानाचार्य राष्ट्रीय लेखा परीक्षक, अखिल भारतीय अनुसूचित जाति जनजाति कर्मचारी कल्याण एसोसिएशन, नई दिल्ली भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर, भावुक माहौल में, सभी उपस्थित लोगों ने बाबा साहेब अम्बेडकर के योगदान को सलाम किया और उनके विचारों की महत्ता को साझा किया।



**भारत के संविधान निर्माता को लोगों ने किया याद: जलेसर, अमृत विचार :** संविधान निर्माता डॉ. बीआर आंबेडकर की 134वीं जयंती को नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।

विश्व हिंदू परिषद बौद्ध अनुयायी भाजपा, कांग्रेस व सपा आदि राजनीतिक दलों ने भी उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उनके द्वारा बनाए गए संविधान और देश के लिए किए योगदान को याद किया गया। आयोजित कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के जिला संगठन मंत्री सुशील कुमार ने लोगों से कहा कि बाबा साहब के दिखाए रास्तों पर चलकर अपने जीवन को समाज के प्रति समर्पित किया जा सकता है। उन्होंने कहा बाबा साहब ने दलितों व पिछड़ों के साथ-साथ समस्त हिंदू जाति के उत्थान के लिए भी अनुकरणीय कार्य किए। कार्यक्रम में जिला मंत्री शिवांग गुप्ता, नगर अध्यक्ष गौरव वार्ष्णेय, आकाश गुप्ता, प्रांशु कुशवाहा, रोहित कुमार, लकी गोयल, कनिष्क वाल्मीकि, सागर दिवाकर, शुभम वाल्मीकि, विपिन पचौरी, रजत कुमार, रोहित जाटव, नंदलाल, अभय पालीवाल आदि मौजूद थे।

वहीं महावीर गंज गोला कुआं गोल नगर अकबरपुर हवेली सागर मोहल्ला आदि स्थानों पर भारत रत्न डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। इस दौरान बौद्ध धर्म के प्रचारक भनते, धर्म दीप, हरि सिंह पिपल, भाजपा नेता सुधीर गौतम, पूर्व सभासद राकेश कुमारी पिपल, पूर्व पालिका अध्यक्ष मोहन सिंह हैप्पी, तालेवार सिंह, बौद्ध सूरज कुमार, रेखा रानी बौद्ध, रवि कुमार, योगेश कुमार, कांग्रेस नेता संजू रजा आदि मौजूद थे।



## हर्षोल्लास के साथ मनाई गई आंबडेकर जयंती

**एटा अमृत विचार** : जनपद में डॉ. भीमराव आंबेडकर की 133वीं जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उत्साह और हर्षोल्लास के साथ जनता ने उनका स्मरण किया। इस अवसर पर, जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह के निर्देशन में कलेक्ट्रेट सभागार में एडीएम वित्त एवं राजस्व आयुष चैधरी, एडीएम प्रशासन सत्य प्रकाश, और अन्य अधिकारियों ने डॉ. आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी। अपने संदेश में, एडीएम चैधरी ने कहा–डॉ. आंबेडकर ने अपने जीवन में बहुत सारे संघर्षों का सामना किया और भारतीय समाज को समानता और न्याय की ओर अग्रसर किया। उनके संघर्ष और परिश्रम से ही हम आज इस संविधानिक देश के नागरिक हैं। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी प्रशासन सत्य प्रकाश ने भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को समझाया और सभी को समाज के वंचित वर्ग के हित में काम करने की अपील की। इस उत्सव के दौरान, कलेक्ट्रेट के कई अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों और स्थानीय नेताओं ने भी डॉ. आंबेडकर के योगदान को सम्मानित किया। इस सामरिक अवसर पर, जनता ने समाज की उन्नति और समानता के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। डॉ. आंबेडकर के विचारों को आगे बढ़ाने का यह एक महत्वपूर्ण कदम है।



## आंबेडकर जयंती पर प्रतिमा का किया अनावरण

**एटा, अमृत विचार** : भारतीय संविधान के प्रणेता और भारत रत्न, बाबा साहेब आंबेडकर की 133वीं जन्मजयंती के अवसर पर, कस्बा रिजोर में डॉ. भीमराव की प्रतिमा का अनावरण आयोजित किया गया। इस अवसर पर, जिला पंचायत सदस्य विनोद यादव ने प्रतिमा का अनावरण किया। समारोह में पूर्व नायक तहसीलदार जमशेद आलम, रामवीर सिंह, विनोद कुमार, विकास कुमार, जगबीर सिंह, रामवीर टेलर, बृजेश सागर, सुनील गौतम, अंकुर, भास्कर, सुनील बाबू, प्रताप सिंह, रिंकू सिंह, और अन्य रिजोरवासी उपस्थित रहे। इस अवसर पर, सभी उपस्थित लोगों ने बाबा साहेब अंबेडकर के योगदान को सलाम किया और उनके विचारों की महत्ता को साझा किया। इस प्रतिमा का अनावरण रिजोर के समुदाय के लिए गर्व का पल था।



# कल निकाली जाएगी श्री राम की शोभायात्रा

**बिल्सी।** नगर के कछला बस स्टैंड के निकट स्थित श्री मनकामेश्वर चामुंडा देवी मंदिर के तत्वावधान में रामनवमी के उपलक्ष्य में भगवान राम की शोभायात्रा 16 अप्रैल को नगर के मुख्य बाजार में धूमधाम से निकाली जाएगी। शोभायात्रा में एटा, कासगंज, बदायूं आदि स्थानों की स्वचालित एवं आकर्षक झांकियां भी शामिल की जाएंगी। शोभायात्रा को सफल बनाने को लेकर यहां पर व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। रजनीश शर्मा ने बताया कि शोभायात्रा पांच बजे शुरू होगी। इस पहले सोमवार को मंदिर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम भी संपन्न होंगे।

# अर्द्धसैनिक बल के साथ पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



जलेसर अमृत विचार : अति शीघ्र होने वाले लोकसभा चुनावो के साथ–साथ नवदुर्गा महोत्सव को दृष्टिगत कोतवाली पुलिस के द्वारा नगर में मौजूद भारत तिब्बत सीमा सुरक्षा बल के साथ नगर एवं नगर से सटे ग्रामीण क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया। सीमा सुरक्षा बल के साथ मौजूद निरीक्षक अपराध आदेश कुमार ने बताया कि चुनाव नवदुर्गा महोत्सव के साथ–साथ अन्य पर्वों को दृष्टि गत भारी मात्रा में सीमा सुरक्षा बल एवं अन्य फोर्स मौजूद है जो चुनाव तक शांति एवं सौहार्द बनाने के लिए नगर क्षेत्र में ही मौजूद रहेगी।

# नई व्यवस्था में भी कोटेदारों की सेंध दूसरी मशीन से तौल कर दे रहे राशन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- लोगों ने विरोध कर डीएसओ से की शिकायत, खाना पूर्ति कर लौटे पूर्ति निरीक्षक

**अमृत विचार:** राशन वितरण में घटतौली रोकने के लिए शासन ने शुरू की नई व्यवस्था में भी कोटेदारों ने सेंध लगा दी। नई पॉश मशीन पर वजन के बराबर बट रख कार्डधारकों का अंगूठा लगवाने के बाद दूसरी मशीन से कोटेदार राशन तौल कर दे रहे हैं। शहर के सिविल लाइन एरिया में एक दुकान पर ऐसा होने पर लोगों ने विरोध कर डीएसओ से शिकायत की। परंतु नतीजा कुछ नहीं निकला। पूर्ति निरीक्षक ने जांच के नाम पर खानापूर्ति कर दी। अब जिला पूर्ति अधिकारी अन्य अधिकारी से जांच कराने की बात कह रहे हैं।

राशन वितरण में धांधली रोकने के लिए शासन की ओर से मार्च के दौरान पूर्ति विभाग को 1427 ई-वोइंग मशीनें उपलब्ध कराई गई थीं। मशीनें प्राप्त होने के बाद विभाग की ओर से सभी तहसीलों के कोटेदारों को क्रमबद्ध प्रशिक्षण दिया। शनिवार से सभी राशन की दुकानों पर नई व्यवस्था के तहत ई-वोइंग मशीन से राशन तौल कर बांटा जा रहा है। परंतु कोटेदार अपनी हरकतों से बाज नहीं आए। वह पहले वजन के अनुसार बाट रखकर कार्डधारकों से ई-वोइंग मशीन पर अंगूठा लगवा पर्ची निकाल ले रहे हैं। उसके बाद दूसरी मशीन से कम राशन तौल कर दे रहे हैं। रविवार को रेलवे क्रासिंग ओवरब्रिज के पास सिविल लाइन एरिया की दुकान पर कोटेदार द्वारा ऐसा ही खेल खेला जा रहा था। वहीं शिकायत पर डीएसओ ने पूर्ति निरीक्षक को जांच के लिए भेज दिया। लेकिन पूर्ति निरीक्षक ने भी कोटेदार का समर्थन करते हुए सर्वर डाउन होने की बात कहते मामले को रफा दफा कर दिया। हालांकि लोगों के विरोध को देखते हुए डीएसओ से जांच कराने की बात कह रहे हैं।



ई-बोइंग मशीन के पास रखा बाट।

> सिविल लाइन एरिया में घटतौली की शिकायत मिली थी। पूर्ति निरीक्षक को भेजा गया था। वहां सर्वर डाउन होने की वजह से दूसरी मशीन से राशन तौला जा रहा था। इस प्रकरण की जांच अन्य अधिकारी से कराई जाएगी। जो भी कोटेदार उपभोक्ताओं को कम राशन तौल कर दे रहा है। उन सभी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। –**रमन मिश्रा**, जिला पूर्ति अधिकारी

